संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -310 बुधवार ,11 सितम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# 70 दिन बाद दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र का कलम बंद अभियान



## स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन उपरांत हुआ स्थगित



### स्वास्थ्य मंत्री ने अपने ओएसडी की जांच के लिए जेडी को किया निर्देशित

### प्रभारी डीपीएम सूरजपुर की जांच 15 दिवस के अंदर कराने का दिया आदेश

### दैनिक घटती-घटना के कार्यालय व प्रतिष्ठान के विरुद्ध हुई बेदखली की कार्यवाही के भी जांच कराने का भी दिया आश्वासन

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने के विरोध में दैनिक घटती-घटना का कलम बंद अभियान 70 दिन बाद स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर हुआ स्थगित

## 70 दिनों तक अखबार के साथ सहयोग बनाए रखने के लिए आप सभी के प्रति आभार...

70 दिन बहुत लंबा समय होता है इन 70 दिनों में दैनिक घटती-घटना अखबार की परेशानियां व कलम बंद अभियान को लेकर जिन लोगों ने भी सहयोग बनाए रखा,उनके प्रति दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह आभार व्यक्त करता है,इस विषम परिस्थिति में भी दैनिक घटती-घटना के प्रतिनिधि,पाठक,विज्ञापनदाता,शुभचिंतक जो अखबार के साथ अपना भरोसा बनाए रखे हुए थे और उस परेशानियां के बीच भी वह साथ खड़े रहे और अखबार सहित उसके पत्रकारों का सहयोग करते आए,वहीं विषम परिस्थितियों में भी उनके सहयोग व आशीर्वाद से इतनी बड़ी लड़ाई लड़ी गई जिसका परिणाम भी सार्थक ही सामने आया है।

आज कलम बंद अभियान को विराम देते हुए जिसे स्थगित कहना उचित होगा पुनः दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह सत्य का प्रकाशन करने प्रकाशित होने जा रहा है जिसमे भी आप सभी पाठकों का सहयोग आपेक्षित है। आप पाठक ही हैं जो समाचार-पत्रों की विश्वसनीयता तय करते हैं और उसकी लोकप्रियता आपके ही बलबूते संभव हो पाता है। आप सभी पाठक अब दैनिक घटती-घटना को पुनः उसी तरह पायेंगे जैसा पहले उसका कलेवर था और उसके संपादक सहित उसके पत्रकारों का जो जजबा था। वक्त के थपेड़े खाकर भी अडिग रहते हुए आज 70 दिवस पश्चात कलम बंद अभियान स्थगित किया गया,क्योंकि एक बेहतर आश्वासन मिला और बातचीत ही चूंकि अंतिम विकल्प था और किसी एक पक्ष को एक पक्ष पर विश्वास करना था जो दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह ने किया और अब वह विश्वास परिणाम में बदल सके यही अपेक्षा होगी और यही एक विश्वास भी था जो हमने कलम बंद अभियान को स्थगित किया। समाचार-पत्र के लिए सूत्र की तरह समाचार प्रदान करने वाले शुभचिंतकों से भी आग्रह है वह समाचार को लेकर पुनः सक्रिय हो जाएं और अब दैनिक घटती-घटना को पुनः काम करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

... संपादक...


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
दैनिक घटती घटना
खुला पत्र
दैनिक घटती घटना कलम बंद
छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?
कलम बंद...का सोलहवां दिन
क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?
तुगलकी फरमान के विरुद्ध कलमबंद अभियान..



अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024(घटती-घटना)। समाचार-पत्रों के समाचार लिखने की स्वतंत्रता बनी रहे जिसके लिए दैनिक घटती-घटना अखबार ने कलम बंद अभियान शुरू किया था जो 70 दिन बाद दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह के संपादक सहित सदस्यों के स्वास्थ्य मंत्री के साथ सार्थक बातचीत व मांगों के बीच आश्वासन पर स्थगित किया गया,स्वास्थ्य मंत्री ने दैनिक घटती-घटना के संपादक एवं पत्रकार को इस बात का आश्वासन दिया कि समाचारों की स्वतंत्रता अखबारों की स्वतंत्रता बनी रहेगी,साथ ही जिनके विरुद्ध समाचार प्रकाशित हो रही थी उनकी जांच 15 दिवस के अंदर कर उचित कार्यवाही की जाएगी,दैनिक घटती-घटना अखबार समूह ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सारी मांगो को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर सरगुजा द्वारा दैनिक घटती-घटना के कार्यालय व प्रतिष्ठान के विरुद्ध करवाई गई बुलडोजर कार्यवाही की भी जांच कराने का आश्ववासन दिया,यदि कार्यवाही नियम विरुद्ध तरीके से हुई है तो कार्यवाही करने वाले पर भी कार्यवाही होगी यह स्वास्थ्य मंत्री ने समाचार पत्र के संपादक सहित पत्रकारों से वादा किया। अब स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बाद दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह अपना कलम बंद अभियान स्थगित करने का निर्णय ले रहा है और पत्रकारिता की स्वतंत्रता बरकरार रहेगी यह आशा और विश्वास समाचार-पत्र समूह का हर सदस्य करता है।

### स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर भरोसा कर कलमबंद अभियान को स्थगित करने का लिया गया निर्णय

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को सच लिखने की स्वतंत्रता बनी रहे और दबाव बनाने का प्रयास न हो इसे लेकर 1 जुलाई



2024 से सरगुजा अंचल का दैनिक घटती-घटना अखबार कलमबंद अभियान की शुरुआत की थी,उस समय बिना जानकारी के जनसंपर्क विभाग द्वारा विज्ञापन बंद किया गया था इसके विरोध में कलम बंद अभियान की शुरुआत हुई थी,उसके पूर्व विज्ञापन क्यों बंद हुआ था यह भी हम आपको खबरों के माध्यम से बता चुके हैं, खबर शासन की कमियों की प्रकाशित हो रही थी और आलोचनाओं को बर्दाश्त ना कर पाने की वजह से कुछ ऐसे फैसले लिए गए थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके खड़गवां कार्यालय में दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह की बातचीत होने के बाद सभी मांगों पर उन्होंने पूरा करने का आश्वासन दिया जिस पर भरोसा करते हुए दैनिक घटती-घटना अखबार समूह ने आज से अपना कलम बंद अभियान को स्थगित कर दिया है।

### दैनिक घटती-घटना को स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर हुआ विश्वास...मांग पूरी होने की जगी उम्मीद...

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के बाद अब दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र समूह के सदस्यों को यह विश्वास हो गया है की उनकी मांगे जल्द पूरी होंगी। समाचार-पत्र समूह ने मांगों में यह मांगे उनके समक्ष रखी है की सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की डिग्री की जांच की जाए जिसके फर्जी होने के प्रमाण भी उपलब्ध हैं वहीं जिनके खिलाफ शिकायत भी हुई है वहीं स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मरकाम के भी दिव्यांग प्रमाण-पत्र की निष्पक्षता से जांच की जाए वहीं दिव्यांग सेवा संघ जिसने उनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र को फर्जी और उसी के आधार पर नौकरी हथियाने का आरोप लगाया है की जांच हो और कार्यवाही की जाए। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है की मांग अनुरूप जांच कर निश्चित कार्यवाही की जायेगी।

### पाठकों का सवाल क्या स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन पर किया जाए भरोसा?

दैनिक घटती-घटना अखबार समूह जब स्वास्थ्य मंत्री से बात करने जा रहा था जिसकी खबर भी प्रकाशित की गई थी जिस पर कई शुभचिंतक पाठको का फोन दिनभर आता रहा और सार्थक बात हो इस पर उनका भी भरोसा बना रहा है,यहां तक की बातचीत होने के बाद भी शुभचिंतक व पाठक फोन करते रहे और हुई बातचीत का ओपिनियन जानते रहे,कई लोगों को बताया गया की बात सार्थक हुई है आश्वासन मिला है मांग पूरी होगी जिस पर कई लोगों का यह सवाल था की क्या सही में मंत्री जी अपने आश्वासन पर खरे उतरेंगे? और अपने वादों को पूरा करेंगे? जिस पर हमने कहा कि बात से तो ऐसी स्थिति लगी की वह मांग पूरी करेंगे क्योंकि वह भी दैनिक घटती-घटना के ऊपर हुए कार्यवाही से दुखी थे और अपना दुख भी उन्होंने जाहिर किया।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
दैनिक घटती घटना
खुला पत्र
तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?
क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?
» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
» क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?
कलम बंद...
कलम बंद...
क्या सत्ता किसी दल की हो जुगाड़ बनाकर ... अन्य को कभी नहीं मिलेगा मौका?
संघ,भाजपा और मोदी विरोधी युवक को स्वास्थ्य मंत्री आखिर क्यों दे रहे बढ़ावा?
क्या दागी सहयोगियों स्टाफ व दलबदलू युवा के भरोसे स्वास्थ्य विभाग चलाएंगे मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ?

## संपादकीय

### सिद्धांत का उल्लंघन

क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुल्डोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? ऐसा नहीं हुआ,तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कथित बुलडोजर न्याय के बारे जो बातें कही हैं, वो उन समाजों में सामान्य और खुद जाहिर रहती हैं, जो कानून के राज के सिद्धांत से चलते हैं। यह सिद्धांत भारतीय संविधान का भी आधारभूत तत्व है। ऐसे में यह लाजिम होना चाहिए कि इस सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला कोई अधिनियम या व्यवहार भारत में स्वीकार्य ना हो। मगर आज सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ रहा है कि अभियुक्तों या सजायाफ्ता व्यक्तियों के परिजनों को आवास से वंचित किया जाए, कानून इसकी इजाजत नहीं देता। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने पूछा-सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति अभियुक्त है,उसके घर को कैसे तोड़ा जा सकता है?.. क्या ऐसा उस हाल में भी किया जा सकता है, अगर उसे सजा हो गई हो? बहरहाल,देश की सर्वोच्च अदालत से अपेक्षा यह नहीं होती कि वह प्रश्न पूछने तक सीमित रहे। उससे अपेक्षा होती है कि वह कानून तोडने या उसे अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति या अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करे। कोर्ट ने कहा है कि अवैध निर्माण के मामले में भी किसी मकान को तोडने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। संबंधित संपत्ति के मालिक को पहले नोटिस जारी होना चाहिए,उसे सफाई देने का मौका मिलना चाहिए और कानून की शरण लेने के लिए उसे उचित वक्त मिलना चाहिए। कोर्ट ने इस बारे में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की इच्छा जताई है। इस रूप में अदालत ने संवैधानिक भावना को व्यक्त किया है। मगर जिस दौर में कथित बुलडोजर न्याय प्रचलित हुआ है, उसमें आम शिकायत है कि कानून की भावना के खिलाफ खुद सरकारें और उनके अधिकारी काम कर रहे हैं। ऐसे में न्यायपालिका की इस भावना का कितना पालन होगा, इसको लेकर संशय बने रहने का पर्याप्त आधार है। क्या सुप्रीम कोर्ट आगे से किसी कथित बुलडोजर न्याय पर अपनी तरफ से पहल कर कार्रवाई करेगा? क्या वह अपने प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा? ऐसा नहीं हुआ, तो आशंका है कि ताजा अदालती पहल का हश्र भी लीचिंग मामले में दिए आदेश जैसा हो जाएगा।

# पंजाब और हरियाणा में गहराता गंभीर जल संकट

**हरित क्रांति के बाद,पंजाब और हरियाणा मुख्य खरीफ फसल के रूप में धान की खेती,फसल की सघनता में भारी वृद्धि और तेजी से शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल-संकटग्रस्त राज्य बन गए हैं। हालांकि, वास्तविक मुद्दा - टिकाऊ फसल पैटर्न पर वापस लौटना और जल-उपयोग दक्षता में सुधार करना-अभी भी अनसुलझा है...**



डां. सत्यवान सौरव
बड़वा(सिवानी)
भिवानी,हरियाणा



पंजाब और हरियाणा में धान की कृषि भारत की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है,परंतु जल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण यह असंधारणीय होती जा रही है। धान की कृषि के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन होने से इस क्षेत्र में गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। हरियाणा में 88 जल इकाइयों को अत्यधिक दोहन वाली श्रेणी में रखा गया है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि और जल संसाधनों दोनों की सुरक्षा हेतु तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

भूजल का अत्यधिक दोहन पंजाब और हरियाणा में धान की खेती के लिए अत्यधिक सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिससे भूजल स्तर में भारी कमी हुई है। केंद्रीय भूजल बोर्ड द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि धान की खेती के लिए अत्यधिक जल दोहन के कारण पंजाब के 87 प्रतिशत ब्लॉकों का अति दोहन किया गया। धान की खेती में प्रति किलो चावल के लिए लगभग 4,000-5,000 लीटर जल की खपत होती है , जिससे क्षेत्र के जल संसाधनों पर बहुत ज़्यादा दबाव पड़ता है। इसकी तुलना में, बाजरे को प्रति किलो केवल 500 लीटर जल की आवश्यकता होती है , जो जल की आवश्यकताओं में भारी अंतर और धान की खेती की असंधारणीय प्रकृति को दर्शाता है। ट्यूबवेल के लिए दी जाने वाली मुफ़्त बिजली ने भूजल के अनियंत्रित दोहन को बढ़ावा दिया है, जिससे यह संकट और भी बढ़ गया है।


पंजाब के किसानों को वर्ष 2023-24 में बिजली, नहर के पानी और उर्वरक के लिए 38,973 रुपये प्रति हेक्टेयर की सब्सिडी मिली,जिससे भूजल का निरंतर रूप से अतिदोहन हो रहा है। धान की खेती के कारण बढ़ता जल तनाव ,जलवायु परिवर्तन के कारण और भी अधिक हो गया है,अनियमित वर्षा के कारण जलभृतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब और हरियाणा के जल स्तर में तेजी से हो रही गिरावट से कृषि की दीर्घकालिक व्यवहार्यता को खतरा है। धान की खेती एकल फसल प्रणाली को बढ़ावा देती है, जिससे जैव विविधता कम होती है और मृदा के पोषक तत्व कम होते हैं, जिससे कृषि संधारणीयता में कमी आती है। अध्ययनों के अनुसार फसल चक्रण से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है परंतु धान की खेती ऐसी विविधता को हतोत्साहित करती है। जल की अधिक माँग के कारण रासायनिक उर्वरकों का उपयोग भी बढ़ जाता है, जिससे मृदा की गुणवत्ता और भी खराब हो जाती है तथा जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बाढ़ सिंचाई, धान की खेती में प्रयुक्त होने वाली एक प्रमुख विधि है, जिससे वाष्पीकरण और अपवाह के माध्यम से जल की बहुत बर्बादी होती है। निरंतर धान की खेती से मृदा लवणता बढ़ जाती है,जिससे कृषि भूमि की उत्पादकता कम हो जाती है और यह अन्य फसलों के लिए कम उपयुक्त हो जाती है। धान के खेत,ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से मीथेन के उत्सर्जन में जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ाता है और दीर्घकालिक कृषि व्यवहार्यता को प्रभावित करता है। धान की खेती प्रति हेक्टेयर 5 टन कार्बोडीऑक्सीडे समतुल्य हानिकारक गैस उत्पन्न करती है , जो इसे कृषि उत्सर्जन में एक प्रमुख योगदानकर्ता बनाती है।

दालों,तिलहनों और बाजरा जैसी कम जल की खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने से जल का उपयोग काफी कम हो सकता है और संधारणीयता में सुधार हो सकता है। पंजाब की 2024 की योजना,धान को छोड़कर वैकल्पिक फसलों को उगाने के लिए 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन की पेशकश करती है,जिसका उद्देश्य विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए धान से अन्य संधारणीय फसलों पर सब्सिडी को पुनर्निर्देशित करना आवश्यक है। डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देने से पैदावार को बनाए रखते हुए जल संरक्षण में मदद मिल सकती है। एमएसपी और खरीद कार्यक्रमों के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलों के लिए बाजार आश्वासन सुनिश्चित करने से किसानों के धान के अलावा अन्य फसलों को उगाने का डर , कम हो सकता है। भारतीय खाद्य निगम ने वर्ष 2023 में पंजाब का 92.5न्न चावल खरीदा, इसी तरह के तंत्र वैकल्पिक फसलों को उगाने की प्रथा को बढ़ावा दे सकते हैं।

फसल विविधीकरण और जल-बचत प्रथाओं के लाभों के संबंध में किसानों को शिक्षित करने से दीर्घकालिक परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वित प्रयास , पुनर्गठित सब्सिडी,जल-कुशल प्रथाओं और बाजार आश्वासन पर ध्यान केंद्रित करके,पंजाब और हरियाणा को सतत कृषि की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इस तरह के सुधार कृषि उत्पादकता को पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करेंगे, क्षेत्र के जल संसाधनों को सुरक्षित करेंगे और इसके कृषक समुदायों के भविष्य को सुनिश्चित करेंगे।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सफलता का राज



वीना आडवाणी
नागपुर
महाराष्ट्र

शब्दों के मकड़जाल से कुछ शब्द उठा हम लाए
सुलझा इस मकड़जाल को भावना जोड़ सजाए।।
कभी शब्द भाव संग हम स्वयं बतियाते नजर आए
कभी शब्द हमें कहें ये नहीं ये लिख क्यों ना बताए।।
अरे इतने शब्दों का भ्रम जाल ये शब्द स्वयं बनाए
एक शब्द के दो तीन अर्थ बता अलग भाव सुनाए।।
शब्दों कि भाषा में लिख कितने गज़ब तीर चलाए
भेदे दिल कभी ये शब्द कभी मलहम बन दवा लगाए।।
कभी लबों से निकले शब्द दुआ बन कबूल हो जाए
कभी बद्दुआ बन ये शब्द पा जिंदगी तबाह कर जाए।।
सब शब्दों का खेल इंसा क्यों किसी का दिल दुखाए
कर सदैव सत कर्म इंसा ये तो सबसे सम्मान दिलाए।।
पाना है अगर सफल जिंदगी का राज किसी को बस
मानव, पशु-पंछी सेवा ही सफलता का मार्ग
कहलाए।।
शब्दों के मकड़जाल से कुछ शब्द उठा हम लाए
सुलझा इस मकड़जाल को भावना जोड़ सजाए।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# सफलता-असफलता जीवन के दो पहलू,श्रम-संयम का दामन ना छोड़े



संजीव ठाकुर,
चौबे कॉलोनी,
रायपुर छत्तीसगढ़

आकस्मिक बड़ी सफलता एवं भारी असफलता आदमी पचा नहीं पाता मानसिक संतुलन बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती है। सफलता तो फिर भी व्यक्ति खुशी से आत्मसात कर लेता है पर असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास,मनोबल की परम आवश्यकता होती हैद्यअसफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर




फैज अहमद फैज ने कहा है
**दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।**
असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है।

आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं। विवेकानंद,सुभाष चंद्र बोस,भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी लाल बहादुर शास्त्री, नरेंद्र मोदी और सबसे बड़े सफलता के और आत्मविश्वास के उदाहरण महात्मा गांधी ही हैं जिन्होंने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देश को आजादी दिलाने का महान कार्य किया है। फिर ऐसा क्या है कि देश के युवा वर्ग की बड़ी जनसंख्या हाथ में हाथ धरे सफलता का बैठे-बैठे इंतजार करना चाहती है।

देश के नौजवानों को हमारे सफल महापुरुषों से शिक्षा लेकर सफलता के लिए अनंत तक आत्मविश्वास के साथ निरंतर श्रम करना चाहिए जिससे न सिर्फ उनका भला हो बल्कि पूरे समाज और पूरे देश का भला हो सके और देश पूरे विश्व में सीना तान कर अपने आसपास और सफलता की गाथा सुना सके। यह देखा गया है कि मानव अहंकार को ही आत्मविश्वास समझने की भूल कर देते हैं किंतु आत्मविश्वास घमंड और अहंकार मैं बहुत बड़ा फर्क है। आत्मविश्वास अहंकार विहीन विनम्रता के साथ परिश्रम और संयम संकल्प लेकर सफलता के लक्ष्य की ओर पदार्पण ही है। फल स्वरुप अहंकार को त्याग कर संपूर्ण विश्वास को लेकर देश हित में सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करने चाहिए।

# आत्महत्या समस्या का हल नहीं,कमजोरी है



डॉ.प्रितम भि. गेडाम
नागपुर,महाराष्ट्र

आत्महत्या कभी भी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि आत्महत्या एक अपराध है। समस्याओं से भागना कमजोरी है, सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान मनुष्य है, लेकिन पूरी दुनिया में मनुष्य के अलावा कोई भी जानवर या जीव आत्महत्या नहीं करता। जब एक प्राणी भी अपने जीवन के अंत तक संघर्ष करता है, तो आज के आधुनिक समाज में सुविधा संपन्न व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, यह पूरी तरह से अनुचित है। जीवन में हर व्यक्ति का संघर्ष दूसरों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या नहीं करना चाहिए। दुख है तो सुख भी है, नफरत है तो प्रेम भी है, असत्य है तो सत्य भी है, बुराई है तो अच्छाई भी है। हर दिन एक जैसा नहीं होता, परिवर्तन संसार का नियम है। पशु-पक्षी, जीव-जन्तु कभी निराश नहीं होते, जब तक जीवन है, तब तक काम करते हैं, जब वे कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उनकी मदद करने वाला तक कोई नहीं होता।

आत्महत्या से वैश्विक स्तर पर हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। आत्महत्या से घर परिवार, समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। घर के किसी व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। आत्महत्या से परिवार के लोगो को आर्थिक, मानसिक, सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ती है। इस साल 2024 से 2026 तक के लिए ÷विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का त्रिवार्षिक थीम ÷बातचीत शुरू करने के आह्वान के साथ ÷आत्महत्या पर कथा बदलना है। इस थीम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। चुप्पी और कलंक की संस्कृति से खुलेपन, समझ और समर्थन की संस्कृति में बदल सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, जितने लोग आत्महत्या करते है उससे 20 गुना अधिक लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, दुनिया में औसतन हर 40 सेकंड में आत्महत्या से एक मौत और हर 3 सेकंड में एक आत्महत्या का प्रयास है।

राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या भारत में फैलती महामारी रिपोर्ट 2024 अनुसार,हर साल आत्महत्याओं में 2 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और चौंकानेवाली बात है कि छात्र आत्महत्याओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं भारत में होती हैं। राष्टीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 171,000 लोग आत्महत्या से मर गए, जिसमें 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक लाख पर आत्महत्या की दर 12.4 प्रतिशत हो गई है, जो बहुत अधिक है। 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से 13.3 प्रतिशत के साथ,महाराष्ट राज्य देश की आत्महत्या राजधानी के रूप में शीर्ष पर है। महाराष्ट्र राज्य के राहत और पुनर्वास विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र राज्य में 2,851 किसानों ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। 2022 में यह संख्या बढ़कर 2,942 हो गई, जबकि 2021 में यह 2,743 थी। सरकारी अधिकारियों की गलतियों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हमेशा जान-माल की हानि होती है, ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, फिर भी दोषी अधिकारी ये अपराधी होकर भी आत्मग्लानि में नहीं जलते और आत्महत्या नहीं करते, फिर हम क्यों छोटी-छोटी बात पर अपना आपा खो देते है। मनुष्य की बुराइयों ने आज जीवन को कठिन बना दिया है, क्योंकि मनुष्य के लालच और स्वार्थ ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। झूठा दिखावा, लोगों से अत्यधिक अपेक्षाएं या ज्यादा भरोसा, घमंड, नशे की लत, संस्कार की कमी,गलत संगत,कथनी-करनी में अंतर, अनियंत्रित भावनाएं, मेहनत की कमी, आलस्य, कमजोर महसूस करना, जल्दी हार मानना, संतुष्टि की कमी ये सब मानव निर्मित समस्याएं हैं, जो मृत्यु का कारण भी बनती है। जो जीत हासिल करना जानते है, उन्होंने ही दुनिया में इतिहास रचा है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है, अपना लोहा मनवाया है।

जिंदादिली का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे देश के नेता हैं, हमें उनसे सीखना चाहिए कि हर कठिन परिस्थिति में सकारात्मक सोच कैसे रखनी चाहिए। चुनाव जीते-हारे,दलबदल,घोटालों का गंभीर आरोप लगे या उन पर केस हो, जेल जाना पड़े, मंत्रीपद छोड़ना पड़े,गठबंधन टूट जाए,प्रतिद्वंदियों से हाथ मिलाना पड़े,लेकिन नेता हमेशा तनाव को नियंत्रित रखते है,हर हाल में जनता को सकारात्मक वादे करते हैं और खुद भी स्वस्थ बने रहते हैं। चुनाव के दौरान वह बारिश और धूप में लगातार रैली करते है,यहां तक कि कम नींद लेकर भी अपनी ऊर्जा बनाये रखते है। उम्र का उन पर ज्यादा असर नहीं दिखता, वे हर दिन 12-14 घंटे व्यस्त रहते हैं। मुश्किल प्रसंग में भी आत्महत्या के बारे में नहीं सोचते, यह आदतें, व्यवहार, बातें हम सभी को सीखने की जरूरत है।

इंसानी जज्बे, बुलंद हौसले और जुनून की अनूठी मिसाल माउंटेन मैन दशरथ मांझी जो बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के अतिसामान्य गरीब बुजुर्ग व्यक्ति, जिन्होंने अकेले लगातार 22 साल हथोड़े छेनी के मदद से पहाड़ काटकर रास्ता बनाया। लोग पहले उन्हें पागल कहते थे,लेकिन उन्होंने पूरी दुनिया में इतिहास रच दिया। धुप, बारिश, तूफान हर मौसम की चुनौतियों को पार कर एक वयोवृद्ध व्यक्ति ने असंभव को संभव बना दिया। जरा सोचकर देखो कि इन 22 सालों में उन्हें कितनी तकलीफें सहनी पड़ी होगी, लेकिन उनका लक्ष्य केवल एक था, वे अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए न कभी हिम्मत हारी। इसे कहते है सकारात्मक सोच का जज्बा। पैरालंपिक में दुनिया के दिव्यांग खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ कौशल दिखाते हैं और देश के लिए पदक जीतकर देश का मान बढ़ाते हैं। स्टीफन विलियम हॉकिंग जैसे कई वैज्ञानिकों ने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दी, उन्होंने नई खोज कर इतिहास रचा है। मनुष्य को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए और ना ही कभी हार माननी चाहिए। इस अनमोल जीवन को खुशी से आखिरी सांस तक हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए जीना है। सारी दुनिया की दौलत खर्च करने के बाद भी हम एक पल की जिंदगी भी खरीद नहीं सकते। अनमोल जीवन का मूल्य समझें। छोटीसी चींटी भी बार-बार असफल होने के बाद भी प्रयास नहीं छोड़ती है,हार नहीं मानती,फिर से प्रयास कर सफल होती हैं, तो फिर कोई व्यक्ति आत्महत्या जैसा अपराध क्यों करता है?

दुनिया में हमसे भी ज्यादा लोग संघर्ष करते है। गुस्से या आवेश में आकर जल्दबाजी में कभी कोई निर्णय न लें,ख़ुशी या भावनाओं में बहकर कोई भी वादा न करें। कोई भी अनुचित निर्णय लेने से पहले उसके परिणाम,अपनों पर प्रभाव,भविष्य पर विचार करें। लोगों से ज्यादा उम्मीदें न लगाएं,झूठे दिखावे से बचें, अपनी मर्यादाओं को पहचानें। बच्चों को अच्छे-बुरे की समझ दें,बुजुर्गों और महिलाओं का आदर, कमजोरों की मदद,नशे से दूरी,संस्कार, न्याय और एकता की सीख बच्चों को बचपन से मिलनी चाहिए। हेल्दी हॉबी,परोपकारिता,व्यायाम, प्रकृति और पशुओं से प्रेम,समाज और देश के प्रति नैतिक जिम्मेदारी,अच्छे काम के लिए श्रमदान करने से हमें परिपक्वता,सुजान नागरिक और समाधानी बनने में मदद मिलती है। ऐसे दिनचर्या और जीवनशैली से हम हमेशा सुखद वातावरण का अहसास करते है, सकारात्मक विचारशक्ति बढ़ती है, तनाव मुक्त जीवन जीने का यह आसान तरीका है।

## जय जय राधिका



मोनिका डागा
चेन्नई
तमिलनाडू

वृषभान लली परम पुनीता,प्यारी राधिका,
अति ही भोरी प्रेम मूर्ति वो,भव से तारिका ।
कृपा वर्षिनी 'आनंद' प्रिया,हिय सुख कारिणी,
कृष्ण संगिनी नवल किशोरी,जग की स्वामिनी ।।
पवित्रा सर्व मंगला रसिका,हे अपराजिता,
स्वीकारो प्रिय वंदन मेरा,मिटे अज्ञानता ।
चरणों में शीश झुकाता मैं,राधा आपको ।
विनती सुनो महारानी अब,मुझको तार दो ।।

शुभांगी कोमलांगी कमला,प्राण प्रवाहिनी,
मदन मोहिनी कृष्ण वल्लभा,पीड़ा नाशिनी ।
जपूं श्री राधा राधा नाम,करता साधना,
गौरांगी भक्ति भाव से मैं,करूं उपासना ।।

बरसाने वाली गोप कन्या,पुंज प्रकाशनी,
दयामई करुणामई जया,वरद प्रदायिनी ।
प्रसन्न हो ह्लादिनी मधुरिका,वृंदा मुक्तिका,
श्यामासुंदरी हे चंचला,जय-जय राधिका ।।

महाशक्ति महामाया मात,ुम ही योगिनी,
जीवन सुधा सरस युगल प्रिया,प्रभु की जोगिनी ।
विषाद मिटा मेरा राधिके,दुःखो को हरो,
आनंदकंद ईश कृपा का,सुख मुझमें भरो ।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## हँसों-हँसों



गरिमा राकेश
(गर्विता)
कोटा
राजस्थान

हँसों -हँसों
जी भर हँसों
रोने के मौके तो
बेवजह आ जाते ,
हँसने के मौके तो
कमाये जाते हैं ।
तो कमाओं
हँसने के मौकों को और
जीओं जिंदगी को
हँसते-हँसते
क्योंकि रोते हुए तो हम
दुनियाँ में भी आते हैं ,
तो रोये क्यूं
हँसे और हँसाए
जीवन मिला है एक बार
क्यूं रोने में गंवाएं ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# उदयपुर वन परीक्षेत्र में 11 हाथियों का दल मचा रहा उत्पात

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

11 हाथियों का दल पिछले तीन दिनों से उदयपुर वन परीक्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं। सूरजपुर जिले के प्रेमनगर ब्लॉक की ओर से होते हुए उदयपुर वन परिक्षेत्र की सीमा में 8 सितंबर को डोई फुलचुही के रास्ते दाखिल हुआ है। 9 सितंबर को दावा जंगल में दिन भर रहने के बाद शाम 7 बजे करीब एनएच 130 को पार करते हुए ग्राम मनोहरपुर पहुंचे। यहां से हाथियों का दल बोंगरू जंगल से तेंदू टिकरा जंगल की ओर गया यहां जंगल किनारे बने कच्चे के मकानों को कुछ नुकसान पहुंचाया है। हाथी अपने पुराने रास्ते से चलकर रानुमाडा सुखरी भंडार जंगल में प्रवेश कर चुके है। बारिश की वजह से अभी हाथियों का सही लोकेशन लेने में वन अमला को दिक्कतें आ रही है। वन अमला उदयपुर द्वारा दो दल बनाकर ग्रामीणों को लगातार हाथियों से दूरी बनाकर रहने की सलाह दी जा रही है। हाथी जाने वाले संभावित रूट के गांव में मुनादी कराकर,गजराज वाहन के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है की हाथियों को ना छेड़े, उन्हे अपने रास्ते जाने दें, सुरक्षित दूरी बना कर रखे झुंड में उनके पीछे पीछे न दौड़े, पटाखों का प्रयोग ना करें। इस दौरान वन परिक्षेत्राधिकारी कमलेश राय, डांडगांव सर्किल के दरोगा अशोक प्रताप सिंह के नेतृत्व में वनरक्षक अमरनाथ राजवाड़े, भरत सिंह, सहीस कपूर, नंदकुमार सिंह, विष्णु कुमार, अवधेश पूरी, भैयालाल तिर्की शामिल रहे।





## ग्रामीण दहशत में

हाथियों ने रविवार को फूलचूही, डोई और कोटमी में कई किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वहीं तेंदूटिकरा, बेलढाब, बोंगरू और आमाडुग्गू में मक्के और धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा तीन घरों को ध्वस्त कर दिया है। इससे ग्रामीण काफी दहशत में हैं।

# अस्पताल से नवजात को लेकर महिला बंदी फरार,महिला जेल प्रहरी निलंबित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

बंदी प्रसव के बाद सोमवार की देर रात अस्पताल से अपने नवजात बच्चे को लेकर फरार हो गई। इससे जेल प्रबंधन में हडक़ंप मच गया। इधर सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर जेल अधीक्षक ने महिला जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया है।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम आरागाही निवासी पूजा गुप्ता पति ऋषिकेश गुप्ता 23 वर्ष फरवरी माह में अवैध कफ सिरप के साथ पकड़ी गई थी। इस दौरान वह 2 माह की गर्भवती थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर रामानुजगंज जेल में भेज दिया था। गर्भावस्था को देखते हुए फरवरी माह में ही उसे सेंट्रल जेल अंबिकापुर शिफ्ट कर दिया गया था। महिला का केस रामानुजगंज कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच 22 अगस्त को उसे प्रसव पीड़ा हुई तो सेंट्रल जेल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। 24 अगस्त को ऑपरेशन से उसने बच्चे को जन्म दिया था। 8 माह में ही डिलीवरी होने के कारण बच्चा प्री-मेच्योर था। ऐसे में उसे एसएनसीयू में रखा गया था। 9 सितंबर को नवजात को उसकी मां को सौंपा गया था। रात 12.30 बजे उसे बच्चे की मालिश करते देखा गया था। इसके बाद से वह अस्पताल से बच्चे के साथ गायब हो गई। रात करीब 2 बजे महिला बंदी की सुरक्षा में तैनात महिला जेल प्रहरी ने उसे बेड पर न देख उसकी खोजबीन शुरु की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद उसने जेल प्रबंधन को इसकी सूचना दी। महिला प्रहरी ने बताया कि वह टॉयलेट जाने के नाम पर बच्चे को लेकर रात करीब 1 बजे निकली थी।



## महिला जेल प्रहरी निलंबित

इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि महिला बंदी जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हुई है। उसके खिलाफ मणिपुर पुलिस ने धारा 265 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। इसकी सूचना रामानुजगंज पुलिस को भी दी गई है। महिला बंदी के बच्चे के साथ फरार होने की घटना से जेल महकमे में हडक़ंप मच गया। फिर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, लेकिन महिला का पता नहीं चल सका। इधर सुरक्षा में लापरवाही पाए जाने पर सेंट्रल जेल के अधीक्षक योगेश सिंह क्षत्रिय ने महिला जेल प्रहरी को निलंबित कर दिया है।

# नाबलिग लडक़ी से छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

नाबलिग लडक़ी से छेड़छाड़ करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़िता से छेड़छाड़ कर अपने रूम में बंद कर चला गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनसार 8 सितंबर को नाबालिग लडक़ी घर से दुकान जाने निकली थी। वह काफी देर बाद भी वापस नहीं लौटी तो परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। तभी पीड़िता की आवाज मोहित सारथी के कमरे से आ रही थी। परिजन जाकर देखते तो मोहित के कमरे में ताला बंद था और अंदर से पीड़िता की आवाज आ रही थी। परिजन ने मोहित के परिजन को बुलाकर ताला तुड़वाकर पीड़िता को बाहर निकाले। पीड़िता ने परिजन को बताया कि दुकान से वापस आते समय मोहित रास्ते में मिला और अपने घर ले गया और छेड़छाड़ करने लगा। परिजन की बताने की बात कहने पर वह मुझे कमरे के अंदर बंद कर भाग गया। पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 127 बीएनएस एवं पोक्सो एक्ट की धारा 7, 8 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।






## फुटकर पटाखा व्यापारी संघ की हुई बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

फुटकर पटाखा व्यापारी संघ की बैठक मंगलवार को कला केंद्र मैदान में संपन्न हुई। जहां दिवाली के लिए प्रतिवर्ष के भांति फुटकर फटाका दुकान शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड में दिवाली पर्व हेतु पटाखा विक्रय करने का निर्णय लिए गया। उक्त बैठक में फुटकर पटाखा व्यापारी संघ के अध्यक्ष के रूप में विकास शुक्ला चंदन को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक के पश्चात दुकान संचालन को लेकर निम्न कई मांगों को लेकर के कलेक्टर साहब के नाम ज्ञापन दिया गया।

# दिलिप दुबे को स्टार लगाकर किया गया उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर में स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिले में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक दिलिप दुबे को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर शुभकामनाएं दी गई। पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप निरिक्षक दिलिप दुबे को विभाग द्वारा प्रदान की गई नई दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई। साथ ही विभागीय कार्यों में गतिशीलता लाकर तत्परता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया, कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक दिलिप दुबे के बेहतर सेवाओं की सराहना कर अग्रिम सेवाओं हेतु शुभकामनायें दी गई, पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार पदोन्नत उप निरीक्षक अग्रिम आदेश तक जिला सरगुजा मे ही अपनी सेवाए जारी रखेंगे।स्टार सेरेमनी के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों, पदोन्नत उप निरीक्षक के स्वजन सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।



## न्यायालय परिसर से आरक्षक की स्कूटी चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

न्यायालय परिसर से आरक्षक की स्कूटी चोरी हो गई है। आरक्षक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार राजेश किण्डो गांधीनगर का रहने वाला है और पुलिस लाइन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वह 9 सितंबर की सुबह 11 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीजे 4288 से किसी काम से कोर्ट गया था। वह कोर्ट परिसर में स्कूटी को खड़ा किया था। काम खत्म होने पर दोपहर 2 बजे वह घर जाने निकला तो उसकी स्कूटी नहीं थी। किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। आरक्षक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# भंडारे में शामिल होने गए युवक के घर से 50 हजार नगदी सहित जेवरात पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के सकालो बंगालीपारा में 8 सितंबर की शाम घर में घुसकर चोरों ने 50 हजार नकदी व सोने-चांदी का जेवरात पार कर दिया है। मकान मालिक परिवार सहित शाम करीब 7 बजे भंडारे में शामिल होने सकालो गया था। मकान मालिक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश उत्सव की धूम है। जगह-जगह पंडाल बनाकर पूजा अर्चना व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के सकालो बंगालीपारा निवासी प्रकाश वैध 8 सितंबर की शाम करीब 7 बजे पूरे परिवार के साथ भंडारा में शामिल होने सकालो गया था। वहां से रात करीब 9 बजे घर आया तो दरवाजा खुला था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। चोरों ने अलमारी में रखे 50 हजार रुपए नकदी सहित पायल 2 जोड़ी चांदी, अंगूठी 1 नग सोने का, कान झुमका 2 जोड़ी सोने का, नथनी 2 नग सोने का, नाक का 2 नग किल, कमर छल्ला 1 नग चांदी का, चांदी का माला 3 नग और 1 नग हाथ घड़ी नहीं थे। कुल चोरी लगभग दो लाख से अधिक की बताई जा रही है। प्रकाश वैद्य ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन का समर्थन देगा राजपत्रित अधिकारी संघ

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन आंदोलन कर रहा है। इसका समर्थन राजपत्रित अधिकारी संघ द्वारा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सीके मिश्रा ने बताया कि संघ फेडरेशन के दो चरणों के आंदोलन में अपनी सहभागिता दे चुकी है। तीसरे व चौथे चरण क्रमशः 11 सितंबर को प्रायोजित विकासखंड जिला स्तर पर मशाल रैली और 27 सितंबर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद कलम बंद आंदोलन करने जा रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रमुख मांगों में प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाए। साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को 240 दिनों के बजाय 300 दिनों का अवकाश नकदीकरण स्वीकृत किया जाए। प्रदेश के शासकीय सेवकों को केन्द्र सरकार के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए।

# श्री रामलला दर्शन को निकले श्रद्धालु,शासन के प्रति जताया आभार,अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने दर्शनार्थियों की ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू की गई श्री रामलला दर्शन योजना के तहत मंगलवार को विशेष ट्रेन के जरिए अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन से श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में रवाना हुए। अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। विशेष ट्रेन से सरगुजा संभाग के सभी 06 जिलों के कुल 850 श्रद्धालु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

रामलला दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों में यात्रा को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों के श्रद्धालुओं को प्रशासन की मदद से आसानी से अयोध्या धाम जाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। अम्बिकापुर के सीतापुर के देवनारायण गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सौजन्य से आज वे और उनकी पत्नी प्रभु रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है, उन्होंने इस अवसर के लिए शासन का धन्यवाद किया। अम्बिकापुर के मैनपाट क्षेत्र से जा रहे श्रद्धालुओं के दल के सदस्य ने बताया कि पहली बार हम सब एक साथ जा रहें हैं, इसके लिए हम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हृदय से आभारी हैं। वहीं श्रद्धालु श्री अशोक जायसवाल ने कहा है कि यह हमारे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हमें शासन की श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या धाम जाकर रामलला के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है।





# इमरान बोले...सरकार,उससे जुड़े लोगों के साथ बातचीत के सभी दरवाजे बंद...पीटीआई के कई नेता किए गए गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,10 सितम्बर 2024।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कहा कि उन्होंने सत्ता प्रतिष्ठान के साथ किसी भी तरह की बातचीत के दरवाजे बंद कर दिए हैं। खान अभी रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं।

### प्रतिष्ठान के साथ बातचीत के दरवाजे बंद

जेल में एक मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए खान ने कहा कि उन्हें सत्ता प्रतिष्ठान ने धोखा दिया है और उन्होंने अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को किसी भी बातचीत में शामिल न होने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा,प्रतिष्ठान ने हमें धोखा दिया है और मैं प्रतिष्ठान और किसी भी अन्य पार्टी के साथ बातचीत के दरवाजे बंद कर रहा हूं।

### आठ सितंबर को सरकार ने दी रैली की अनुमति

पीटीआई के संस्थापक ने कहा कि उन्होंने पार्टी के छह नेताओं को ही बातचीत करने की अनुमति दी थी। लेकिन किसी को भी बात करने से नहीं रोखा था। खान ने एक बार फिर दावा किया कि आठ सितंबर को रैली की अनुमति सरकार ने ही दी थी और अब उन्होंने लाहौर में अगली रैली करने का एलान किया है। उन्होंने कहा, चाहे हमें अनुमति मिले या नहीं, हम 21 सितंबर को लाहौर में रैली करेंगे।

### गंडापुर के विवादित भाषण का किया बचाव

पूर्व प्रधानमंत्री ने पार्टी नेता अली अमीन गंडापुर के विवादित भाषण का भी बचाव किया। गंडापुर ने न केवल सेना की



आलोचना की बल्कि चेतावनी दी कि दो हफ्ते के भीतर इमरान खान को रिहा नहीं किया गया तो बल प्रयोग किया जाएगा। खान ने कहा कि गंडापुर ने बस देश की भावनाओं को व्यक्त किया है और जो लोग उनकी टिप्पणियों पर उनसे माफी की मांग कर रहे हैं, उन्हें पीटीआई में नहीं रहना चाहिए।

### छापेमारी के बाद पीटीआई के कई नेता गिरफ्तार

इस बीच, पाकिस्तान में रातभर छापेमारी के बाद पीटीआई के कई प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार किया गया। इनमें पार्टी के अध्यक्ष और करीब एक दर्जन विधायक शामिल हैं। इस पर नेशनल असेंबली (एनए) के स्पीकर अयाज सादिक ने कहा कि वह मामले की गंभीरता से जांच कराएंगे और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हुई झड़प

रविवार को पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर पत्थर फेंके और कई पुलिसकर्मियों को घायल किया। जिसमें एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल था। सरकार ने आरोप लगाया कि पीटीआई ने रैली के लिए मिली अनुमति का उल्लंघन किया और तय से समय से अधिक देरी तक रैली की।

पुलिस प्रवक्ता जवाद तकी के मुताबिक, पीटीआई के अध्यक्ष गौहर खान और सांसद शेर अफजल खान मरवत को संसद भवन के बाहर गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, वरिष्ठ वकील और पार्टी नेता शोएब शाहीन को उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। पीटीआई के प्रवक्ता जुल्फी बुखारी ने बताया कि रात की छापेमारी में कुल 13 पीटीआई नेताओं को गिरफ्तार किया गया।

## चीन नहीं आ रहा अपनी हरकतों से बाज, एक बार फिर ताइवान की सीमा के पास भेजे 17 सैन्य विमान



**ताइपे,10 सितम्बर 2024।** चीन और ताइवान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बीजिंग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीनी सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि, ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के विमान, नौसैनिक पोत और जहाज ताइवान की सीमा के करीब देखे गए।


ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने बताया कि सोमवार सुबह छह बजे से मंगलवार सुबह छह बजे ताइवान के आसपास चीनी सात नौसैनिक पोत, एक आधिकारिक जहाज और 17 सैन्य विमान उड़ान भरते देखे गए। सेना ने बताया कि 17 विमानों में से 12 ने ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा को पार किया और ताइवान के पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। बता दें चीन और ताइवान के बीच यह जल संधि एक अनौपचारिक सीमा है।

## अगर ट्रंप हार जाते हैं तो आखिरी वास्तविक चुनाव होगा, मस्क का अवैध प्रवासियों को लेकर डेमोक्रेट्स पर हमला

**वॉशिंगटन,10 सितम्बर 2024।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने एक बार फिर अवैध प्रवासियों के मुद्दे को लेकर डेमोक्रेटिक पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि अगर डोनाल्ड ट्रंप हार जाते हैं तो आगामी राष्ट्रपति चुनाव संयुक्त राज्य अमेरिका में आखिरी वास्तविक चुनाव होगा। बता दें,अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में, डेमोक्रेट्स की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन की ओर से ट्रंप चुनावी मैदान में हैं।

### करोड़ों अवैध प्रवासियों का वैध बनाना डेमोक्रेट्स का लक्ष्य

अरबपति ने आरोप लगाया कि डेमोक्रेट्स 1.5 करोड़ अवैध प्रवासियों को वैध बनाना चाहते हैं और अधिक शरणार्थियों को लाना चाहते हैं, जो उन्हें स्विंग राज्यों को जीतने और अमेरिका को एक-पक्षीय राज्य में बदलने में मदद कर सकता है।





### क्या बोले टेस्ला सीईओ?

मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, डेमोक्रेटिक पार्टी के लगभग सभी नेताओं का एक ही लक्ष्य है 1.5 करोड़ अवैध प्रवासियों को जल्द से जल्द वैध बनाना। इसके साथ-साथ लाखों और लोगों को देश में लाना है। इससे स्विंग राज्य में उनके जीतने की संभावना अधिक हो जाएगी। ठीक उसी तरह जैसे कैलिफोर्निया में 1986 में हुआ था। अमेरिका को स्थायी एक-पक्षीय देश में बदल दिया था। उन्होंने आगे कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप चुनाव हार जाते हैं तो यह आखिरी वास्तविक चुनाव है।

गौरतलब है, अवैध आव्रजन संयुक्त राज्य अमेरिका में एक प्रमुख मुद्दा रहा है। इस पर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन में आए दिन तनातनी बनी रहती है।

### आव्रजन प्रणाली में सुधार की जरूरतः हैरिस

इन सबके बीच,उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अवैध प्रवासियों को नागरिकता दिलाने के लिए रास्ता स्थापित करने की कसम खाई है। हैरिस की अभियान वेबसाइट पर लिखा हुआ है, वह जानती हैं कि हमारी आव्रजन प्रणाली खत्म सी है और इसमें व्यापक सुधार की आवश्यकता है, जिसमें मजबूत सीमा सुरक्षा और नागरिकता के लिए अर्जित मार्ग शामिल हो।

वहीं दूसरी ओर, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वह अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निष्कासित करने के लिए एक बड़ी निर्वासन पहल करेंगे।



## भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने में किए महत्वपूर्ण निवेश,अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी का बयान

**कैलिफोर्निया,10 सितम्बर 2024।** कैलिफोर्निया में चल रहे भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (इंडस-एक्स) शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए एक मजबूत एजेंडे पर काम कर रहा है। कैंपबेल ने आगे कहा कि वाशिंगटन और नई दिल्ली में लगातार प्रशासन ने साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समय और राजनीतिक पूंजी का निवेश किया है।

### एक मजबूत एजेंडे पर कर रहे हैं काम- कर्ट कैंपबेल

अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी कर्ट कैंपबेल ने कहा, अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और हम शेष वर्ष के लिए सहयोग को गहरा करने के लिए न सिर्फ कूटनीतिक रूप से, बल्कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल (आईसीईटी) के माध्यम से भी एक मजबूत एजेंडे पर काम कर रहे हैं।

### इंडस-एक्स के शुभारंभ के बाद बढ़ाए गए एजेंडे

इस दौरान कर्ट कैंपबेल ने कहा, हमारे रक्षा प्रतिष्ठानों, अनुसंधान संस्थानों, निजी उद्योग और स्टार्टअप्स के पास प्रतिभा की गहरी उपलब्धता और नवाचार के लिए ललक है, यही वजह है कि इंडस-एक्स को नए विचारों,अनुसंधान और विकास के लिए आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र और साझेदारी बनाने के लिए डिजाइन किया गया था। उन्होंने कहा कि दोनों देश पहले की तुलना में वर्तमान में एक दूसरे से अधिक करीब हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत ने इंडस-एक्स के शुभारंभ के बाद से एक वर्ष से अधिक समय में शिखर सम्मेलनों, संयुक्त चुनौतियों और आदान-प्रदान के महत्वाकांक्षी एजेंडे को आगे बढ़ाया है।

## शहजादी शेखा माहरा ने सोशल मीडिया पर मचाई खलबली, पति से तलाक के बाद अब किया डायवोर्स परफ्यूम लॉन्च

**दुबई,10 सितम्बर 2024।** यूएई के उपराष्ट्रपति और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी शहजादी शेखा माहरा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने हाल ही में अपने पति शेख माना बिन मोहम्मद बिन राशिद बिन माना अल मकतूम को तलाक देकर सुर्खियां बंटोरी थीं। अब माहरा ने एक नए परफ्यूम को लॉन्च करके लोगों का ध्यान खींच लिया है। दरअसल, परफ्यूम का नाम डायवोर्स रखा है। इसकी वजह से सोशल मीडिया पर जमकर इसकी बात हो रही है।

दुबई की 30 वर्षीय राजकुमारी ने अपने ब्रांड माहरा एम 1 के तहत डायवोर्स नाम से परफ्यूम लॉन्च किया है। दुबई के शासक की बेटी ने इसकी जानकारी सोमवार को इंस्टाग्राम पर दी। उन्होंने प्रोडक्ट का एक टीजर साझा किया है। उनकी पोस्ट में एक काली रंग की सुंदर बोतल पर डायवोर्स लिखा हुआ दिखाया गया है। वहीं, टीजर में टूटे हुए कांच, काली पंखुड़ियों और एक काले पैंथर को दिखाया गया। टीजर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।






### इसलिए दिया तलाक

बता दें, शेखा माहरा ने जुलाई में अपने पति को सार्वजनिक रूप से तलाक दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसका एलान किया था। माहरा ने लिखा था,प्रिय पति, चूंकि आप किसी और के साथ हैं, इसलिए मैं अपने तलाक का एलान करती हूं। मैं आपको तलाक देती हूं, मैं आपको तलाक देती हूं और मैं आपको तलाक देती हूं, अपना ख्याल रखें। आपकी पूर्व पत्नी।

### कौन हैं शेख माहरा?

आइए बताते हैं कि दुबई जैसे कट्टर देश में सार्वजनिक रूप से अपने पति को तलाक देने वाली राजकुमारी शेखा माहरा कौन हैं?

शेखा माहरा का जन्म 26 फरवरी, 1994 को यूएई के दुबई में हुआ था। वह 30 साल की हैं। शेखा माहरा की जड़ें अमीराती और ग्रीक दोनों हैं, क्योंकि उनकी मां जो ग्रिगोराकोस ग्रीस से हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा दुबई के एक निजी स्कूल में हासिल की और बाद में उच्च शिक्षा के लिए लंदन चली गई थीं। उन्होंने ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय से इंटरनेशनल रिलेशन में डिग्री हासिल की है और मोहम्मद बिन राशिद सरकारी प्रशासन से कॉलेज की डिग्री भी ली है।

## रूस-यूक्रेन को करनी होगी बात,अगर वे चाहें तो भारत सुझाव देने को तैयार

## जर्मनी में बोले जयशंकर

**बर्लिन,10 सितम्बर 2024।** जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। इससे एक दिन पहले सऊदी अरब की राजधानी में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की बैठक के इतर जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ भी मुलाकात की।



विदेश मंत्री ने कहा,हम नहीं मानते हैं कि इस संघर्ष का समाधान जंग के मैदान पर होगा। एक वक्त दोनों पक्षों (रूस और यूक्रेन) को बातचीत के लिए बैठना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस और यूक्रेन दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने मॉस्को और कीव में कहा कि आज युद्ध का युग नहीं है।

उन्होंने कहा, समाधान युद्ध से नहीं मिलेगा। हमें लगता है कि बातचीत करनी होगा...अगर आप सलाह चाहते हैं, तो हम हमेशा इसके लिए तैयार हैं। जयशंकर ने कहा कि देशों और पड़ोसियों के बीच भिन्नताएं होती हैं। लेकिन संघर्ष उनके समाधान का अच्छा तरीका नहीं है।

जयशंकर ने यह भी कहा कि क्वाड एक सफल प्रयोग रहा है। भारत क्वाड का सदस्य है, जिसमें अमेरिका,जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। चीन क्वाड को एक गठबंधन मानता है और इसकी आलोचना करता है। विदेश मंत्री ने कहा, हमने क्वाड को पुनर्जीवित किया है। यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक मंच है और भारत इसके प्रति प्रतिबद्ध है।

## माले में आग लगने की घटना पर भारतीय उच्चायोग अलर्ट, कहा- हम प्रभावित भारतीयों के संपर्क में हैं

**माले,10 सितम्बर 2024।** मालदीव की राजधानी माले शहर में आग लगने की घटना पर दुख जताते हुए भारतीय उच्चायोग ने बचाव और राहत प्रयासों के लिए मालदीव के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि आग में किसी की जान नहीं गई या कोई गंभीर चोट नहीं आई और हम प्रभावित भारतीय नागरिकों को सहायता प्रदान करने के लिए उनके संपर्क में हैं।



### एक्स पर भारतीय उच्चायोग ने व्यक्त किया दुख

मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने माइक्रोब्लागिंग साइट एक्स पर लिखे एक पोस्ट में कहा, HCI ने 9 सितंबर को माले शहर की एक इमारत में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर दुख व्यक्त किया है। किसी की जान नहीं गई या कोई गंभीर चोट नहीं आई। हम बचाव और राहत प्रयासों के लिए मालदीव के अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों को अपेक्षित सहायता प्रदान करने के लिए उनके संपर्क में हैं।

### दो विदेशियों को अस्पताल में कराया गया भर्ती

बता दें कि मालदीव में भारतीय उच्चायोग का यह बयान माले में सोसुन मागु पर मौजूद एक कैफे की रसोई में आग लगने के बाद आया है। वहीं इस हादसे को लेकर पुलिस ने कहा है कि इलाके में सड़क पर मौजूद दो विदेशियों,एक पुरुष और एक महिला को धुएं से दम घुटने के कारण अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### आग लगने से पास की इमारत हुई प्रभावित

जानकारी के मुताबिक जिस कैफे में आग लगी थी,वह पूरी तरह से स्टील शीट से बना था। आग तीन मंजिला गामागु कैफे की पहली मंजिल पर लगी थी, फिलहाल उस पर काबू पा लिया गया है। वहीं आग से बगल की इमारत भी प्रभावित हुई है। एक स्थानीय समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को आसपास के कई घरों को खाली करा दिया गया था। मामले में मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) के एक मीडिया अधिकारी ने कहा कि उन्हें सोमवार को दोपहर 2:40 बजे (स्थानीय समय) हेनवेइरू वार्ड में धूहिमेरिज में आग लगने की रिपोर्ट मिली थी। धूहिमेरिज में कैफे इमारत के भूतल पर प्रवासियों की तरफ से चलाया जाता है जबकि शीर्ष दो मंजिलों का इस्तेमाल रहने के लिए किया जाता था।

## चीन में मंकीपॉक्स वैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण को मिली मंजूरी,सिनोफार्म कंपनी ने शुरू की तैयारी

**बीजिंग,10 सितम्बर 2024।** दुनिया के कई देशों में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) संक्रमण के बढ़ते मामले स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। वायरल जूनोटिक रोग से मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के देश सबसे ज्यादा प्रभावित देखे जा रहे हैं। इस संक्रमण से लड़ने के लिए चीन के दवा नियामक ने दवा कंपनी सिनोफार्म कंपनी को एमपॉक्स वैक्सीन के क्लीनिकल परीक्षण को मंजूरी दे दी है। इस संक्रमण से लड़ने के लिए देश की यह पहली खुराक होगी।




कंपनी ने बताया कि वैक्सीन को शंघाई इंस्टीट्यूट ऑफ बायोलॉजिकल प्रोडक्ट्स और सिनोफार्म कंपनी ने तैयार किया है। इसके मंकी पॉक्स संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अब तक चीन में एम पॉक्स की कोई वैक्सीन नहीं है। केवल अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान और रूस में एमपॉक्स टीकों को मंजूरी मिली है।

नियमों के मुताबिक चीन में एक वैक्सीन को बाजार में भेजने की मंजूरी से पहले क्लीनिकल परीक्षण के तीन चरणों से गुजरना पड़ता है। इसके लिए चीन के शीर्ष दवा नियामक नेशनल मेडिकल प्रोडक्ट्स एडमिनिस्ट्रेशन ने नई दवाओं और टीकों के अनुप्रयोगों की सुविधा के लिए कई चैनल बनाए हैं। कंपनी ने बताया कि नया टीका एमवीए के स्ट्रेन से लड़ने में कारगर होगा। यह अमेरिका द्वारा बनाई गई दुनिया की पहली वैक्सीन जैसी ही होगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक ने 14 अगस्त को तेजी से फैल रहे एमपॉक्स वायरस (जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था) को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। मुख्य रूप से, वायरस के दो अलग-अलग समूह एलए और एलबी,डीआरसी में महत्वपूर्ण चिंता पैदा कर रहे हैं।

### क्या है एमपॉक्स?

डब्ल्यूएचओ की वेबसाइट के अनुसार, एमपॉक्स वायरस एक ऑर्थोपॉक्स वायरस है, जो चेचक के समान लक्षणों वाली बीमारी है,हालांकि कम गंभीर है।


### इस देश से फैलना शुरू हुआ मंकीपॉक्स

मौजूदा समय में दुनिया भर के देशों में इस बीमारी के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, मंकीपॉक्स की शुरुआत अफ्रीका के कांगो से शुरू हुई। इस देश से ये वायरस दूसरे देशों में अपने पांव पसार चुका है। कांगो में मंकीपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और इसे रोकने के लिए अफ्रीका द्वीप पर वैक्सीन भी थोड़ी ही मौजूद है।






# बूझो करियर की अनजान राहों को



करियर को लेकर छात्रों के बीच काफी असमंजस की स्थिति रहती है। इस स्थिति की सबसे बड़ी वजह है–करियर की सही राह को चुनने की चुनौती। इस समय करियर के लिए पारंपरिक विषयों के अलावा सैकड़ों की तादाद में विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन जानकारी के अभाव या अपनी रुचि को न पहचान पाने के कारण बड़ी संख्या में छात्र मनमाफिक करियर नहीं चुन पाते हैं। छात्र ही नहीं, अभिभावक भी बच्चों के लिए सही करियर तलाशने की प्रक्रिया में काफी तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनकी दिनचर्या में यह तनाव बच्चे का दाखिला हो जाने तक कायम रहता है। यह एक सामान्य–सी स्थिति है और करीब 90 फीसदी छात्र और अभिभावकों को इस दौर से गुजरना पड़ता है। गलाकाट प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर दिन कुछ अलग करियर और पेशेवर संभावनाएं जन्म ले रही हैं। ऐसे में यह समझने वाली बात है कि किसी करियर विकल्प की चमक ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रहती। इसलिए यदि आप करियर के लिए उन पाठ्यक्रमों और विषयों को चुनते हैं, जिनमें आप अच्छे हैं, तो आप हमेशा ही अपने कार्यक्षेत्र में सफल होंगे।

## कैसे चुनें करियर

प्रत्येक करियर के लिए एक खास रुझान, रुचि और कुछ व्यक्तिगत गुणों की जरूरत होती है। वैज्ञानिक ढंग से इन जरूरतों की अपनी अभिरुचियों और हुनर से तुलना करके ही इस बात के प्रति आश्वस्त हुआ जा सकता है कि हम सही करियर चुनने की दिशा में बढ़ रहे हैं या नहीं। विषयों में आपकी मजबूती, क्षमता, रुचि और आकांक्षा आपको करियर के असीमित विकल्पों में से अपने लिए श्रेष्ठ को चुनने में मदद करती है। भावी जीवन में आपकी सफलता के लिए करियर प्लानिंग की यह प्रक्रिया काफी आवश्यक है।

## साइकोमीट्रिक असेसमेंट

करियर के चयन में यह बेहद मददगार विधि है, जिसे जब करियर के चुनाव के संदर्भ में इस्तेमाल किया जाता है, तो काफी हद तक ठोस और सटीक परिणाम मिलते हैं। इस विधि से परखे जा रहे छात्र का गहराई से मूल्यांकन हो पाता है। इससे संबंधित छात्र की रुचियों, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व के बारे में अनुमान लगाना संभव होता है। साइकोमीट्रिक असेसमेंट से छात्र की काबिलियत और क्षमताओं की स्पष्ट तस्वीर सामने आ जाती है, जो उपयुक्त करियर के चयन में अहम होती है। छात्रों के नजरिए से इस विधि को देखें, तो यह उनके सामने उनकी इच्छाओं और हुनर की बानगी पेश करती है। इस असेसमेंट से अभिभावक अपने बच्चों के और छात्र स्वयं के हुनर की तुलना अपनी मनपसंद नौकरी/ पेशे के लिए जरूरी गुणों से कर सकते हैं। चूंकि नौकरी पाने के लिए एक पाठ्यक्रम विशेष की पढ़ाई करनी होती है और इसके लिए भी कुछ खास हुनर का होना जरूरी होता है।







# कॉमर्स से पा सकते हैं बेहतर करियर और रोजगार

**लोकप्रियता के मामले में यह छात्रों और अभिभावकों के बीच साइंस स्ट्रीम के बाद दूसरे स्थान पर है। अंडर ग्रेजुएट स्तर पर कॉमर्स एक प्रमुख विषय है। इसका संबंध मूल रूप से व्यापार की समझ, बाजार के उतार-चढ़ाव, अर्थव्यवस्था की जानकारी, मौद्रिक और औद्योगिक नीतियों आदि से है। विषय के स्तर पर कॉमर्स अकाउंटेंसी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स, मार्केटिंग और ई-कॉमर्स सहित कई अन्य विषयों का मिलाजुला विस्तृत क्षेत्र है। इसलिए इसमें पढ़ाईऔर रोजगार के लिए पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं। हर विषय की तरह कॉमर्स और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए भी कुछ अभिरुचियों का होना जरूरी होता है। यहां कुछ प्रश्न दिए गए हैं, जिनका उत्तर देकर आप यह जान सकते हैं कि आपकी अभिरुचि कॉमर्स के लिए उपयुक्त है या नहीं।**

## इन प्रश्नों से जांचें अभिरुचि

- क्या आपके पास गणना की अच्छी क्षमता है?
- क्या आपमें विश्लेषणात्मक कौशल है?
- क्या आपके पास व्यापार का व्यावहारिक बोध है?
- क्या आप त्रुटिरहित और सटीक काम को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं?
- क्या आप कार्यालय के माहौल का आनंद उठाते हैं?
- क्या आपमें गणनाएं करने के साथ आंकड़ों को समझाने का हुनर है?
- क्या आप बजट, व्यापार की खबरों और आर्थिक समीक्षाओं को पढ़ते हैं?
- क्या आप में प्रशासकीय और संगठन के रूप में काम करने की कुशलता है?

पूछे गए इन प्रश्नों में से अगर अधिकांश का जवाब आपके पास 'हां' है, तो समझिए आपके भीतर वह अभिरुचि है, जो कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए जरूरी है।

## कॉमर्स में उपलब्ध विषयों के विकल्प

**बिजनेस इकोनॉमिक्स** – इस विषय में लॉ ऑफ डिमांड एंड सप्लाई, लॉ ऑफ रिटर्न्सर, इलास्टिसिटी, थ्योरी ऑफ प्राइसिंग अंडर डिफरेंट मार्केट फॉर्म्स आदि से संबंधित कॉन्सेप्ट के बारे में पढ़ाया जाता है।

**कॉस्ट अकाउंटिंग** – इस विषय में जॉब एंड कॉन्ट्रैक्ट कॉस्टिंग, ओवरहेड्स कॉस्टिंग, स्टैंडर्ड एंड वेरिएंस कॉस्टिंग और बजटरी कंट्रोल से जुड़ी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है।

**ऑडिटिंग** – इस विषय में वैल्यूएशन, वाउचिंग ऑफ ट्रांजेक्शन, एसेट्स एंड लाइबिलिटी आदि से जुड़े मामलों के बारे में बताया जाता है। इसमें क्लब, हॉस्पिटल और चैरिटेबल संस्थानों जैसे संगठनों की ऑडिटिंग के बारे में भी सिखाया जाता है।

**फाइनेंशियल अकाउंटिंग**– यह विषय मुख्य रूप से प्रॉफिट एंड लॉस स्टेटमेंट, बैलेंस शीट, कंपनी अकाउंट, कैलकुलेशन ऑफ डेप्रिशिएशन एंड वैल्यूएशन ऑफ शेयर, गुडविल ऑफ कंपनी और नॉलेज ऑफ अकाउंटिंग स्टैंडर्ड (इंडिया/ इंटरनेशनल) आदि के बारे में जानकारी देता है।

**बिजनेस फाइनेंस** – इस विषय में फाइनेंशियल एनालिसिस और मैनेजमेंट ऑफ कैपिटल आदि व्यापारिक दुनिया की बुनियादी बातें समझायी जाती हैं। इसके अलावा लाभ के लिए पूंजी के बेहतर उपयोग की विधियों को समझने में भी यह विषय मदद करता है।

**इनकम टैक्स** – इस विषय के तहत इनकम टैक्स, टैक्स प्लानिंग, टैक्स डिडक्शन और नॉट टैक्सेबल इनकम आदि के बारे में नियमों व कर संबंधी कानूनों की जानकारी दी जाती है।


**बिजनेस लॉ** – व्यापार से संबंधित देश के अमूमन सभी कानून इस विषय के अध्ययन क्षेत्र में आते हैं। कंपनीज एक्ट और कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट आदि कानूनों को प्रमुख रूप से इस विषय में पढ़ाया जाता है।

**मार्केटिंग** – यह विषय प्रोडक्ट, प्राइसिंग मेथड, प्रोमोशन, डिस्ट्रिब्यूशन चैनल और लॉजिस्टिक्स आदि के बारे में बताता है।

**बिजनेस कम्यूनिकेशन** – यह विषय मुख्य रूप से व्यापार संबंधी संवाद कौशल को निखारने पर केंद्रित है। इस विषय के जरिए छात्रों को व्यापारिक कार्यों के लिए उपयोग में आने वाले बिजनेस लेटर, नोटिस और मेमो आदि को तैयार करने की कला सिखाई जाती है। मौखिक संवाद के बारे में भी यह विषय प्रशिक्षित करता है।

## रोजगार के लिए जरूरी कौशल

- आंकड़ों की गणना और उनके विश्लेषण में रुचि हो।
- संवाद का बेहतर कौशल हो।
- टीम के साथ काम करने और उसका नेतृत्व करने की क्षमता हो।
- संगठन संबंधी और प्रशासनिक क्षमताएं हों।
- तार्किक दृष्टि से चीजों को परखने का हुनर हो।
- सटीक और त्रुटिरहित काम करने में निपुणता हो।
- लंबी अवधि तक लगातार काम करने की क्षमता हो।
- अपने कार्य क्षेत्र से जुड़ी नई चीजों और नवीनतम तकनीकों को सीखने की जिज्ञासा हो।
- रचनात्मकता के साथ उच्च स्तर की बौद्धिक क्षमता हो।



# ह्यूमेनिटीज में भी भरपूर हैं रोजगार के अवसर


दसवीं और बारहवीं के स्तर पर साइंस और कॉमर्स के बाद छात्रों या अभिभावकों के सामने ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम शेष रह जाती है। इस स्ट्रीम को हालांकि छात्र और अभिभावक अपनी प्राथमिकता में पहले या दूसरे स्थान पर नहीं रखते, लेकिन बदलते वक्त के साथ इस स्ट्रीम से जुड़ी संभावनाओं का आकाश भी काफी विस्तृत हो गया है। इस लेख के माध्यम से छात्रों को ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम और उसमें निहित अवसरों को जानने–समझने में मदद मिलेगी। ह्यूमेनिटीज को कुछ वर्ष पहले तक एक ऐसे स्ट्रीम के रूप में देखा जाता था, जो या तो कम बुद्धिमान लोगों के लिए है या शिक्षक बनने की इच्छा रखने वालों के लिए। लेकिन मौजूदा वक्त में यह धारणा अप्रासंगिक हो चुकी है। अब ह्यूमेनिटीज की बदौलत ऊंचे पद, बड़ी उपलब्धियां और तरक्की पाई जा सकती है। शिक्षण के अलावा इसमें सैकड़ों तरह के रोजगार उपलब्ध हैं, जो रुचिकर होने के साथ–साथ अपनी कार्य–प्रकृति में विशिष्ट भी हैं। ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम आपके सामने असीमित विकल्प रखती है। यकीन न हो, तो मानवीय गतिविधियों से जुड़े किसी भी क्षेत्र को देख लीजिए, आप हर क्षेत्र में ह्यूमेनिटीज के छात्रों को सफलता के साथ काम करता हुआ पाएंगे।

## क्या है ह्यूमेनिटीज

इस स्ट्रीम के अंतर्गत मुख्य रूप से मानव समाज और उसकी मान्यताओं का अध्ययन किया जाता है। इसके जरिए यह समझने का प्रयास किया जाता है कि लोग स्वयं को कैसे कला, धर्म, साहित्य, वास्तुकला और अन्य रचनात्मक कार्यों आदि के जरिए अभिव्यक्त करते हैं? इस कार्य के लिए इस स्ट्रीम के शोधार्थी एनालिटिकल और हाइपोथिटिकल मेथड का प्रयोग करते हैं। इस स्ट्रीम को मोटे तौर पर परफॉर्मिंग आर्ट्स (म्यूजिक), विजुअल आर्ट्स, रिलिजन, लॉ, एंसिएंट/ मॉडर्न लैंग्वेजेस, फिलॉस्फी, लिटरेचर, हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी आदि विषयों में बांटा जाता है। ह्यूमेनिटीज में कुई ऐसे विषय हैं, जिनकी पढ़ाई के बाद लॉ, जर्नलिज्म, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, मीडिया एंड एडवर्टाइजिंग और कम्यूनिकेशन आदि प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में पोस्ट ग्रेजुएशन किया जा सकता है। ह्यूमेनिटीज के आम जिंदगी में महत्व को इस बात से भी आंका जा सकता है कि अब आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भी ह्यूमेनिटीज और सोशल साइंसेज में पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास बारहवीं पास छात्रों के लिए ह्यूमेनिटीज में पांच वर्षीय इंटिग्रेटेड एमए पाठ्यक्रम संचालित करता है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यह संस्थान एचएसईई (ह्यूमेनिटीज एंड सोशल साइंसेज एंट्रेंस एग्जामिनेशन) नाम से हर साल एक प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। इसी तरह आईआईटी गांधीनगर पोस्ट ग्रेजुएट स्तर पर एमए इन सोसायटी एंड कल्चर नाम से पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। दसवीं या बारहवीं पास करने वाले काफी छात्रों के मन में एक आम–सा प्रश्न होता है कि ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम को चुनने के बाद उनके करियर का स्वरूप कैसा होगा? इस प्रश्न का कोई सीधा जवाब नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि करियर का स्वरूप काफी हद उनके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम पर निर्भर होता है। किसी ह्यूमेनिटीज विषय में डिग्री हासिल करने के बाद आप कई क्षेत्रों में रोजगार पा सकते हैं। स्कूलों, म्यूजियमों, एडवर्टाइजिंग एजेंसियों, अखबारों, आर्ट गैलरियों, पत्रिकाओं और फिल्म स्टूडियो आदि में भी काम के मौके तलाशे जा सकते हैं। इन अवसरों को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि समय के साथ ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम पर आधारित संभावनाओं का फलक और विस्तृत हुआ है। सरकारी सेवाओं में जाने की इच्छा रखने वाले छात्र ह्यूमेनिटीज स्ट्रीम के साथ अपने सपने का साकार कर सकते हैं। वह कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) और राज्य लोक सेवा आयोगों की प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा में भी अपनी चुनौती पेश कर सकते हैं। चूंकि बैचलर डिग्री स्तर पर आर्ट्स के पाठ्यक्रमों में हिस्ट्री, जियोग्राफी और सिविक्स (नागरिक शास्त्र) आदि विषय पढ़ाए जाते हैं, जो तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होते हैं।

## ह्यूमेनिटीज के लिए जरूरी गुण

- किसी मुद्दे को समझने और उसका मूल्यांकन करने की क्षमता
- मानसिक और कामकाजी स्तर पर रचनात्मकता हो
- काम को व्यवस्थित करने और उन्हें तय समयसीमा में निपटाने का हुनर
- लिखित सामग्री को पढ़ने और उससे खास बिंदुओं को चुनने का कौशल हो
- बड़ी मात्रा में सूचनाओं और तथ्यों को समझने और ग्रहण करने की क्षमता
- अलग–अलग शैलियों में अच्छा लिखने का हुनर हो
- अपनी बात को प्रभावी शब्दों में स्पष्ट रूप से रखने में दक्षता हो
- शोध करने और तथ्यों के स्रोतों का मूल्यांकन करने की क्षमता हो
- चर्चाओं में भाग लेने और उनका नेतृत्व करने में रुचि हो
- निजी प्रेरणा से काम करने का जज्बा हो
- विचारों और सुझावों को व्यावहारिक रूप देने की कला हो
- निष्पक्षता और खुद में पूरा विश्वास हो
- अपनी बातों पर विचार–विमर्श को तैयार रहने का लचीलापन हो
- सांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित शोध में निष्कर्ष निकालने की क्षमता हो



## इन क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं

- राइटिंग • प्रोग्राम प्लानिंग • टीचिंग
- रिसर्च • इंटरनल कम्यूनिकेशन
- पब्लिक रिलेशन्स
- पॉलिसी रिसर्च एंड एनालिसिस
- एडमिनिस्ट्रेशन • सोशल वर्क
- मैनेजमेंट • इंफॉर्मेशन • जर्नलिज्म
- आर्कियोलॉजी • एंथ्रोपोलॉजी
- एग्रीकल्चर • जियोग्राफी • एनजीओ
- इंडस्ट्रियल रिलेशन • लाइब्रेरी साइंस
- लिबरल आर्ट्स • फिलॉस्फी
- रिसर्च असिस्टेंस • साइकोलॉजी

# कई महीने पहले स्वास्थ्य मंत्री के बगले में हुई चोरी पर आरटीआई कार्यकर्ता ने की रायपुर पुलिस को शिकायत...सिविल थाने में बयान कराया दर्ज






## किस बिंदु पर जांच हो ये भी बताया

आरटीआई कार्यकर्ता ने अपने शिकायत में पुलिस किस बिंदु पर पर जांच करे, इसके लिए जांच के बिंदु भी लिखे है। इस बिंदु पर जांच होनी चाहिए कि पूर्व मंत्री शिव डहरिया के द्वारा मंत्री बंगला सी 2 खाली करने के पूर्व उपरोक्त प्रकार का चोरी अथवा वस्तुएं गायब हुई है या उनके मंत्री बंगला लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को हेंडओवर करने और अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के पश्चात सामान गायब किया गया है। यदि पूर्व मंत्री शिव डहरिया को अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने के पश्चात मकान में चोरी अथवा सामान गायब हुआ है तो लोक निर्माण विभाग का वह अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार है और यदि उनको अनापत्ति प्रमाण-पत्र देने के पूर्व उक्त प्रकार का चोरी अथवा सामान गायब हुआ है तो ऐसी स्थिति में पूर्व मंत्री शिव डहरिया को अनापत्ति प्रमाण-पत्र किस आधार पर और क्यों दे दी गई है। इसके पश्चात विधिवत इस बिंदु पर भी जांच होना चाहिए कि क्या सचमुच मंत्री बगला सी 2 में चोरी हुआ है अथवा वहां से उक्त घरेलू सामान निकाल लिया गया है। जिसने उक्त सामान निकाला है उस पर आपराधिक कार्रवाई किया जाना चाहिए। 2 में चोरी हुआ है अथवा वहां से उक्त घरेलू सामान निकाल लिया।

- संवाददाता -
एमसीबी/रायपुर, 10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

चिरमिरी निवासी आरटीआई कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा रायपुर सिविल लाइन थाने पहुंच कर अपना बयान करवाया,उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को मिले बंगले में हुई चोरी को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार चिरमिरी निवासी आरटीआई कारकर्ता राजकुमार मिश्रा के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को आवंटित शंकर नगर स्थित शासकीय मंत्री बंगला सी 2 में,बंगला आंबटन के पूर्व हुई चोरी के संबंध में उचित एवं आवश्यक जांच कर आपराधिक कार्यवाही करने के लिए शिकायत किया गया है। उन्होंने अपने शिकायत में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्रमांक 2 के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को जब स्वास्थ्य मंत्री का जिम्मेदारी दिया गया तब छत्तीसगढ़ सरकार ने स्वास्थ्य मंत्री को आवास के लिए शंकर नगर रायपुर में मंत्री बंगला क्रमांक-सी 2 आवंटित किया गया. स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा बंगला प्राप्त होने पर बंगला का निरीक्षण किया गया, जिसमें उन्होंने पाया कि शंकर नगर रायपुर स्थित बंगला क्रमांक सी 2 की सारी वस्तु जो महत्वपूर्ण और कीमती है चोरी कर ली गई है, इस संबंध में विभिन्न ईलेक्ट्रानिक व प्रिंट मीडिया में यह समाचार चलाया गया।

### आरटीआई से मिली जानकारी

लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा उन्हें सूचना का अधिकार पर शंकर नगर मंत्री बंगला नं.-सी 2 में प्रयोग किये जाने वाले वस्तुओं से संबंधित चालान की प्रति कुल 39 पेज, प्रदान किये गये वस्तुओं के देयकों की प्रति 111 पेज, वर्तमान में इस बंगले में प्रदाय किये गये सामग्रियों से संबंधित चालान की प्रति 6 पेज कि जानकारी प्रदान किया गया। उक्त प्रकार से उपरोक्त बंगले में फर्नीचर आदि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी उन्हें मिली। लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा जानकारी दिया गया कि उक्त बंगला सी 2 को 6 जनवरी 2024 को विभागीय कार्यवाही के तहत् रविन्द्र भोसले, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर के द्वारा अधिपत्य में लिया गया है।

## हाइटेंशन तार की चपेट में आने से किशोर की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शहर के फुंदूरडीहारी में मंगलवार की शाम करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। किशोर घर के छत पर खेल रहा था। छत से लगे हाईटेंशन तार भी गुजरा है। जिसकी चपेट में आने से किशोर जलने लगा। आस पास के लोगों ने देखा तो किसी तरह उसे छुड़ाया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की है।

जानकारी के अनुसार अंश चौहान पिता युद्धवीर चौहान (13) शहर के फुंदूरडीहारी स्थित एक डॉक्टर के मकान में किराए में रहता था। मकान से लगे कम ऊंचाई पर हाइटेंशन तार गुजरा हुआ है। अंश मंगलवार की शाम को छत पर कपड़ा लेने गया था। इस दौरान वह हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे उसका शरीर जलने लगा। आस पास के लोगों ने देखा तो किसी तरह उसे छुड़ाया, लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

## छात्रावास अधीक्षक की परीक्षा 15 सितंबर को

बलरामपुर,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 15 सितंबर 2024 को बलरामपुर जिला मुख्यालय के साथ-साथ विकासखण्ड राजपुर एवं रामचन्द्रपुर अंतर्गत 16 परीक्षा केन्द्रों में छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती परीक्षा आयोजित किया जाएगा। जिसमें 5507 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा का प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट में में अपलोड कर दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 02:15 तक सम्पन्न होगी।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर दिल्ली विज्ञान भवन में उपराष्ट्रपति के समक्ष सरगुजा से उल्लास प्रशिक्षक सुनीता दास को मिला वक्तव्य का मौका





# राज्य स्तरीय उल्लास मेला में मुख्यमंत्री के हाथों साक्षरता कार्यक्रम में शामिल रही सरगुजा जिले से स्वयंसेवी शिक्षक सुश्री श्रुति तिवारी और प्रतिमा सिंह हुई सम्मानित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।




अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के समक्ष सरगुजा की सुनीता दास को वक्तव्य का मौका मिला तो वहीं राज्य स्तरीय उल्लास मेला में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के हाथों साक्षरता कार्यक्रम में शामिल रही सरगुजा जिले से स्वयंसेवी शिक्षक सुश्री श्रुति तिवारी और प्रतिमा सिंह सम्मानित हुई।

कलेक्टर सरगुजा श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा जिले से प्रभारी अधिकारी के रूप में श्रीमती सुनिता दास, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के स्वयंसेवी शिक्षक विष्णु कुमार, विवेक यादव एवं अम्बिकापुर विकासखण्ड से नवसाक्षर श्रीमती चमकीला दास एवं लीलावती पैकरा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती सुनिता दास को विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ के समक्ष वक्तव्य का मौका मिला, जिसमें उन्होंने साक्षरता कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीमती दास ने इस सुनहरे अवसर हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

जिला परियोजना अधिकारी श्री गिरीश गुप्ता ने उक्त जानकारी देते हुए आगे बताया कि राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय उल्लास मेला कार्यक्रम में सरगुजा जिले की टीएलएम एफएलएन सामग्री से संबंधित स्टॉल प्रदर्शनी लगाई गई,जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने किया।

सरगुजा संभाग के स्टॉल प्रभारी व प्रस्तुतकर्ता श्री गिरीश गुप्ता,डीपीओ साक्षरता ने बताया कि अतिथियों को स्टॉल से संबंधित जानकारी दी गई। राज्य स्तरीय उल्लास मेला में सरगुजा जिले की स्वयंसेवी शिक्षक सुश्री श्रुति तिवारी, शासकीय कन्या उ.मा.वि. व संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय की छात्रा व स्वयंसेवी शिक्षक सुश्री प्रतिमा सिंह को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र,शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में वक्तव्य का अवसर भी मिला।



# श्रद्धालुओं का अयोध्या भ्रमण कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने मंगलमय यात्रा की दी शुभकामनाएं

## हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

- संवाददाता -
कोरिया,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

आज जिले के 104 श्रद्धालु श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए बस को रवाना की।




श्रद्धालु श्री राम लला के दर्शन के लिए बेहद उत्साहित नजर आए। वहीं सभी तीर्थ यात्रियों ने श्रीरामलला का दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं जय श्रीराम के उदघोष के साथ सुबह करीब 10 बजे दो बस अंबिकापुर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम पहुंचेंगे।

श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) यात्रा योजना 2024 के तहत जिले का आज यह चौथा चरण था। आज के यात्रा में बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड से कुल 104 श्रद्धालु शामिल हैं। बस को हरी झंडी दिखाने के दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों के परिजन और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धालुओं को सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के रिक्त पदों की होगी भर्ती

कोरिया,10 सितम्बर 2024 (घटती-घटना)।

एकीकृत बाल विकास परियोजना सोनहत के परियोजना अधिकारी ने बताया कि एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 04 रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों हेतु खुली भर्ती से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र 19 सितम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

उन्होनें बताया कि में आगनबाडी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की भर्ती ग्राम पंचायत नावाटोला के आंगनबाड़ी केन्द्र जोगीसरई, ग्राम पंचायत कचोहर के आंगनबाड़ी केन्द्र गौठानपारा, ग्राम पंचायत कछाड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र रेवला तथा ग्राम पंचायत सिंघोर के आंगनबाड़ी केन्द्र बांधपारा में रिक्त पदों की भर्ती होगी। उक्त पदों पर केवल महिला ही आवेदन कर सकती हैं।परियोजना कार्यालय सोनहत के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी,सूरजपुर, जिला-सूरजपुर,छत्तीसगढ़**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-20(3)

आगामी तिथि 18/09/2024

इस सार्वजनिक ईश्तेहार के जरिये सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक फूलचंद साहू आ0 बलजीत राम साहू, उम्र लगभग 72 वर्ष, जाति तेली निवासी ग्राम सोनपुर पो0 पटना कोट, थाना सूरजपुर जिला-सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक/दानकर्ता के नाम पर नजूल भूमि प्लाट नम्बर 2119/2 रकबा 66.3 वर्गफीट भूमि स्थित है। उक्त भूमि को अपने पुत्र/दानग्रहीता को दान में देने हेतु अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18/09/2024 को न्यायालीन अवधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नजूल अधिकारी सूरजपुर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजू सोनी जाति सोनार निवासी चठिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम चठिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 334/25 रकबा 0.030 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु वयपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस नयायालय में विचाराधिन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 26/09/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202409020700025**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्:-2023-24

फुन्दुरडिहारी प.ह.नं.00016
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-कल्पना रेखा लकड़ा,
अनावेदक पक्षकार-सोफिया,

**इश्तेहार**

आवेदक कल्पना रेखा लकड़ा आ0 स्व0 चकतू उर्फ मतियश, निवासी ग्राम बेतरा, तहसील बगीचा, जिला जशपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 120/17, 136/15 रकबा क्रमशः 0.43,0.202 है0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 चकतू उर्फ मतियश का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/09/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रसुतत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/09/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202409020700020**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्:-2023-24

नमनाकला प.ह.नं.00020
(291/19(0.300हे.)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अमित टोप्पो,
अनावेदक पक्षकार-चाची बाई,

**इश्तेहार**

आवेदक अमित टोप्पो आ0 ननका राम व अन्य, निवासी, नमनाकला, अम्बिकापुर, तहहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 291/9 रकबा 0.030 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 चाची बाई उर्फ चिपी बाई का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/09/2024 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रसुतत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/09/2024 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार अंबिकापुर



**कार्यालय नगर पंचायत लखनपुर,जिला-सरगुजा,छ0ग0**

फोन नं0: 07774261501 EMAIL :- cmolakhanpur@gmail.com

क्र./1141/लो0नि0वि0/नं0पं0/2024-2025 लखनपुर,दिनांक-09/09/2024

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा नगर पंचायत लखनपुर क्षेत्रातंर्गत 15 वां वित्त अंतर्गत अनुदान राशि से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो0नि0वि0 (भ/रा/इ)एस0ओ0आर0 01/01/2015 प्रभावशील दर (अद्यतन संशोधित) एवं पी0एच0ई0 एस0ओ0आर0 01/06/2020 अद्यतन संशोधित पर निविदा प्रपत्र 'ए' से प्रतिशत दर पर (कम/बराबर /अधिक) मेनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से तीन लिफाफा पद्धति में स्वीकार किया जायेगा।

निविदा प्रपत्र 'ए' डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र शुल्क की डीडी, अमानत राशि का टी0डी0आर संहित भरा हुआ ।

निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 30/09/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 30/09/2024 अपरान्ह 4.00 बजे तक

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य समयावधि | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र0 03 में उमेश गुप्ता घर से सुरेन्द्र गुप्ता के घर तक आर0सी0सी0 नाली निमार्ण कार्य | 4.48 | 4500 | 750 | 03 माह | 15 वां वित्त |
| 02 | वार्ड क्र01 मे पाईप लाईन विस्तार कार्य | 9.28 | 7000 | 750 | 03 माह | 15 वां वित्त |
| 03 | रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य । | 10.20 | 7700 | 750 | 03 माह | 15 वां वित्त |

टीप :- निविदा फर्म 'ए' बेवसाइट uad.cg.gov.in से डाउनलोड किया जाकर निर्धारित प्रपत्र शुल्क डीडी के माध्यम से जमा किया जावे।

निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। निविदा में भाग लेने के पूर्व कृप्या शर्तो का अवलोकन अवश्य करे। निविदा का अवलोकन विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in में किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत लखनपुर
जिला-सरगुजा,छ0ग0

# ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल को दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से आराम

**अनंतपुर (एजेंसी)।** ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफपहले क्रिकेट टेस्ट के लिए टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को जगह दी गई थी। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है। तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं बाहर किया गया है, जिससे संकेत मिलते हैं कि वे बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं बनने वाले है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है। बीसीसीआई के अनुसार, स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह, जबकि आकाश की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है।

गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत 'ए टीम का कप्तान बनाया गया है। जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है। भारत 'डी टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है। तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे हल्की चोट के कारण बाहर हो गए हैं। रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत 'सी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिसंबर 2022 के बाद पहली बार लाल गेंद का क्रिकेट खेलते हुए पंत ने दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में प्रभावित किया था। लोकेश राहुल और आकाश दीप ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

## अपडेट टीम इस प्रकार हैं :

**भारत ए :** मयंक अग्रवाल (कप्तान), रियान पराग, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, कुमार कुशाग्र, शाश्वत रावत, प्रथम सिंह, अक्षय वाडकर, एसके रशीद, शम्स मुलानी और आकिब खान।

**भारत बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), सरफराज खान, मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी, एन जगदीशन, सुयश प्रभुदेसाई, रिंकू सिंह और हिमांशु मंत्री।

**भारत डी :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व ताइडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, सारांश जैन, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत, सौरभ कुमार, संजू सैमसन, निशांत संधू और विद्वथ कावेरप्पा।



# राइट-आर्म मीडियम नहीं, ना राइट-आर्म फास्ट यह गलत है: बुमराह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाज के लिए छोटा रन-अप एक सख्त हाथ की गेंदबाजी एक्शन के साथ खत्म होता है जिसे कोचिंग मैनुअल कभी स्वीकार नहीं कर सकता लेकिन बुमराह ने न केवल उस अजीबोगरीब एक्शन के साथ प्रदर्शन किया है, बल्कि दुनिया भर के बल्लेबाजों के लिए खतरा भी बन गए। मुंबई इंडियंस के लिए 2013 आईपीएल के साथ बड़े मंच पर अपनी मौजूदगी के बाद से इस गेंदबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

सोशल मीडिया पर एक दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जो मुंबई इंडियंस के साथ उनके डेब्यू साल का है, जिसमें एक युवा बुमराह के बारे में प्रकाशित एक स्टोरी में उन्हें राइट आर्म मीडियम कहे जाने पर बुमराह ने आपत्ति जताते नजर आ रहा है। उन्हें किसी से यह कहते सुना जा सकता है, यह गलत लिखा है। राइट-आर्म मीडियम नहीं है ना, राइट-आर्म फास्ट है।

आईपीएल में अपना जलवा दिखाने के तीन साल बाद बुमराह ने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारत के लिए खेला था। इसके तीन दिन बाद उन्होंने टी20आई में पदार्पण किया और जनवरी 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में पहली बार टेस्ट जर्सी पहनी और खेला। बुमराह ने अब तक भारत के लिए 36 टेस्ट में 159 विकेट, 89 वनडे में 149 विकेट और 70 टी20आई में 89 विकेट ले चुके हैं।

# पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर की भविष्यवाणी, कहा- बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में विराट कोहली लगा सकते हैं डबल सेंचुरी



**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को लेकर भविष्यवाणी की है। दरअसल, इसी महीने 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसके बाद वे न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में उतरेंगी। इन्हीं दो सीरीजों से पहले बासित अली ने कहा कि विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ शतक नहीं, बल्कि डबल सेंचुरी लगाएंगे।

बता दें कि, इससे पहले विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेले थे, क्योंकि उस दौरान उनके बेटे का जन्म होना था। बासित अली को विश्वास है कि विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में दमदार कमबैक करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले टेस्ट मैचों में बड़े शतक उनसे देखने को मिल सकते हैं।

बासित ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड सीरीज में आप विराट से बड़ी शतकीय पारियां देखेंगे। सिर्फ 110 या 115 नहीं, आप उनसे 200 रन की पारी भी देख सकते हैं। विराट कोहली ने अब तक टेस्ट क्रिकेट में 7 दोहरे शतक जड़े हैं। विराट कोहली हैं कि शशतक को कैसे बड़े शतक में तब्दील किया जाता है। यही कारण है कि बासित अली ने उनका समर्थन किया है।

# बांग्लादेश के नाहिद राणा ने भारत के खिलाफ बनाया प्लान, टीम इंडिया को 6.2 फुट के लंबे गेंदबाज से रहना होगा सावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 19 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज में नदीम राणा का अहम रोल रहने वाला है। दरअसल, पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा का रोल बहुत अहम रहा था। बांग्लादेश ने पाकिस्तानी के खिलाफ 2-0 से क्लीनस्वीप किया था और नाहिद राणा ने इस सीरीज में 6 विकेट अपने नाम किए थे। वहीं नाहीद राणा अब भारत के खिलाफ प्लान बना रहे हैं। जिससे टीम इंडिया के बल्लेबाजों को उनसे निपटना बड़ी चुनौती होगी।

21 सास का ये गेंदबाज 6.2 इंच लंबा है और लगातार करीब 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेदंबाजी करने में सक्षम है। बांग्लादेश क्रिकेट ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है, इमें राणा ने कहा कि, निश्चित रूप से हम भारत के खिलाफ सीरीज के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हमने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। हम जितनी ज्यादा प्रैक्टिस करेंगे उतना अधिक हम मैच के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि, भारत की टीम बहुत अच्छी है लेकिन जो टीम अच्छा खेल दिखाएगी उसे जीत मिलेगी। राणा ने इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था और इस मैच में उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार निकाल कर लोगों को ध्या खींचा था। पाकिस्तान के खिलाफ भी उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं राणा ने कहा कि, पाकिस्तान दौरे पर जाने से पहले मैंने कहा था कि मैं अपने देश के लिए कुछ हासिल करना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि मुझसे जो उम्मीद की गई थी उस पर मैं खरा उतरा हूं। फिलहाल, भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर को चेन्नई में खेला जाएगा। जहां कि पिच से उछाल मिलने की उम्मीद है।




# 13 सितंबर से शुरु होगा आईएसएल फुटबॉल

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने 2024-25 सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 सत्र 13 सितंबर से शुरु होगा। इसका पहला मुकाबला मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी के बीच होगा। इन दोनो ही टीमों के बीच पिछले सत्र में भी खिताबी मुकाबला हुआ था। आईएसएल के अनुसार इस नये सत्र में 84 मुकाबले होंगे। शुरुआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले खेलें जाएंगे। इस दौरान चेन्नईयिन एफसी की ओडिशा एफसी के बीच एक मैच जबकि बेंगलुरू एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच दूसरा मुकाबला होगा। वहीं दूसरे दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम पंजाब एफसी का सामना करेगी। हैदराबाद एफसी की टीम अपना पहला मैच बेंगलुरू एफसी के खिलाफ खेलेगी। आईएसएल के इस सत्र में 13 टीम हिस्सा लेंगी। इसमें आईलीग चैंपियन मोहम्मडन स्पोर्टिंग भी रहेगी। स्पोर्टिंग अपना पहला मुकाबला 16 सितंबर को नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी से खेलेगी। स्पोर्टिंग के आने से अब बंगाल की तीन टीमें इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने का प्रयास करेंगी। इसमें मोहन बागान और ईस्ट पहले से ही खेलती रही हैं। इसमें मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बीच पांच अक्टूबर को मुकाबला होगा जबकि ईस्ट बंगाल और मोहन बागान की टीमें 19 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी।

## रणजी ट्राफी में मिसाल कायम करने वाले 19 साल के मुशीर जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को इस साल आखिर में ऑस्ट्रेलिया खेलने जाना है। टीम इंडिया के साथ ही भारतीय ए-टीम भी इस दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ए-टीम के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 19 साल के मुशीर खान को इस टीम में जगह मिल सकती है। भारत-ए के ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए यह बल्लेबाज तैयार है, जिसमें चार दिवसीय तीन टेस्ट होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार हर एक फैन को है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होने जा रही है। इस दौरे पर भारत की सीनियर टीम के साथ भारत-ए की टीम भी जाएगी। इस टीम में उन खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है जो घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित करते हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के चोटिल होने की स्थिति में भारत-ए टीम से खिलाड़ियों को चुना जाता है।

# भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज : अनुभव के आधार पर राहुल प्लेइंग इलेवन में

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज में बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में जगह मिल गई है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में सरफराज खान के शानदार प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में उन्हें जगह नहीं मिली। केएल राहुल का अनुभव उन्हें फायदा दिलाएगा। टीम प्रबंधन और चयन समिति का पूरा ध्यान नवंबर-दिसंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और राहुल को 50 टेस्ट मैचों का अनुभव है। टीम प्रबंधन के लिए सरफराज की निडरता और टेस्ट कप्तान रहे एक अनुभवी खिलाड़ी के बीच चयन है जो एक दशक से राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है। बीसीसीआई सूत्र ने नाम ना बतारे की शर्त पर कहा कि बाहर के लोगों को यह समझ में नहीं आता कि टीम कैसे काम करती है और किस तरह की व्यवस्था होती है। केएल राहुल ने अपने पिछले तीन टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका में शतक बनाया जो हाल के समय में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारियों में से हैं और चोट लगने से पहले हैदराबाद में अपने पिछले टेस्ट में 86 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में अपने पहले मैच में दो अर्धशतक और धर्मशाला में अर्धशतक लगाकर शानदान शुरुआत की थी। उन्होंने तेज और धीमे दोनों गेंदबाजों को धुना था। सूत्र ने कहा कि सरफराज ने सब कुछ सही किया है लेकिन कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है तो उन्हें खिलाया जाएगा। राहुल के पास अनुभव है। टीम प्रबंधन सिर्फ बांग्लादेश को ही नहीं देख रहा है बल्कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज पर भी ध्यान दे रहा है, जहां पिछला अनुभव मायने रखता है।



# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

**हुलुनबुइर (चीन) (एजेंसी)।** = पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है।

ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं।' भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है जबकि युवा ड्रैग-फ्लिकर संजय ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे युवा स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अभी तक तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि अभिषेक और उत्तम सिंह ने दो-दो मैदानी गोल किए हैं।

वर्तमान फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार है। वह इससे पहले चार बार चैंपियन रह चुकी है। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक अन्य मैच उसने ड्रॉ खेला। भारत ने हालांकि नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत की है और ऐसे में वह किसी भी टीम को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगा। छह टीमों के राउंड रोबिन मैच के बाद चोटी पर रहने वाली चार टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी जो 16 सितंबर को खेले जाएंगे। फाइनल 17 सितंबर को होगा।



# यूएस ओपन विजेता यानिक सिनर एटीपी रैंकिंग में टॉप 10 में पहुंचे



न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन के पुरुष चैम्पियन यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर अपनी बढ़त दोगुनी करने में सफल रहे जबकि उपविजेता टेलर फिट्ज शीर्ष 10 में और महिला उप विजेता जेसिका पेगुला डब्ल्यूटीए रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची। पुरुष चैंपियन सिनर ने एटीपी रैंकिंग में जून पर शीर्ष पर पहुंचे थे। उन्होंन फिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन खिताब जीता। फिट्ज सातवें नंबर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। वहीं, महिला चैंपियन आर्यना सबालेंका डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक के पीछे दूसरे नंबर पर रहीं। शनिवार को सबालेंका ने फाइनल में पेगुला पर 7-5, 7-5 की जीत दर्ज की थी। पिछले साल अमेरिकी ओपन में कोको गॉफ से हारकर उपविजेता रहने के बाद सबालेंका ने कुछ समय के लिए स्वियातेक को नंबर एक स्थान से हटा दिया था। सबालेंका ने 2024 में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं, उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। नोवाक जोकोविच तीसरे राउंड में एलेक्सी पोपिरिन से पराजित होने के बाद रैंकिंग में दूसरे स्थान से चौथे स्थान पर खिसक गए। अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे नंबर पर और उनके बाद कार्लोस अल्काराज तीसरे स्थान पर हैं। डेनियल मेदवेदेव पांचवें और एंड्री रूबलेव छठे स्थान पर बने हुए हैं।

# भारतीय टीम के खिलाफ खेलना हमेशा ही चुनौतीपूर्ण : हेजलवुड

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ खेलना हमेशा ही चुनौतीपूर्ण होता है। हेजलवुड के अनुसार इस बार उनकी टीम ट्रॉफी अपने पास लाने का पूरा प्रयास करेगी। पिछले एक दशक में ये ट्रॉफी भारतीय टीम के पास रही है। हेजलवुड के अनुसार भारत के खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के इतने आदी हैं कि उन्हें यह पसंद है। उनके शीर्ष छह या सात खिलाड़ अविश्वसनीय हैं। मैंने अपनी पहली सीरीज में उनके खिलाफ खेला, जाहिर है और हमने जीत हासिल की, शायद वह आखिरी बार था जब हम जीते थ। बहुत से वही खिलाड़ी अभी भी खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि मैंने विराट को उस गेम में हराया था। उन्होंने कहा, तो हमारे बहुत से खिलाड़ी, मुझे लगता है, भारत को टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाए हैं।

वहीं अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा है कि भारतीय टीम को क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को हराने में काफी खुशी मिलती है जबकि पिछले कुछ वर्षों में दोनो के बीच प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया में 2018/19 और 2020/21 में हुई पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की है। भारतय टीम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में जीत की हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखेगी, इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेल होंगे। ख्वाजा ने कहा, हम पिछले दो सालों से दुनिया की नंबर एक और नंबर दो टीमें हैं। हम पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में एक साथ थे। प्रतिद्वंद्विता हमेशा से बहुत बड़ी रही है। मैं इसे सम्मान के संकेत के रूप में लेता हूं और मुझे पता है कि भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है।

वहीं तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर मिशेल मार्श का मानना है कि इस सीरीज से टेस्ट प्रारुप को को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह केवल क्रिकेट है जो दोनों टीमों के बीच खेला गया है। अगर आप इतिहास, हाल के इतिहास को देखें, तो हमने चीजें जीती हैं, उन्होंने चीजें जीती हैं। इस प्रकार देखा जाये तो दोनो के बीच एक अच्छी प्रतिस्पर्धा है।




# हम एक-दूसरे के साथ काफी अच्छे... विराट कोहली के साथ दोस्ती पर खुलकर बोले स्टीव स्मिथ




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज होगा। लेकिन उससे पहले ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने विराट कोहली के साथ अपनी दोस्ती को लेकर बयान दिया है। दरअसल, स्मिथ ने कहा कि उनकी कोहली के साथ उनकी अच्छी बनती है। दोनों एक-दूसरे को मैसेज करते रहते हैं। बता दें कि, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

स्टीव स्मिथ और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फैब फोर का हिस्सा हैं। इसमें इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी शामिल हैं।

स्टीव स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि, हम एक-दूसरे के साथ काफी अच्छे से पेश आते हैं। हम समय-समय पर एक-दूसरे को मैसेज करते हैं। वह शानदार इंसान होने के साथ-साथ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। ऐसे में इस गर्मी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में फिर से उनके खिलाफ खेलना अच्छा रहेगा। स्मिथ का कहना है कि कोहली का सोचने और खेलने का तरीका ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों जैसा ही है। उन्होंने कोहली को अपने विचारों और एक्शन में ऑस्ट्रेलियाई करार दिया।

स्मिथ ने आगे कहा कि, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और एक्शन में ऑस्ट्रेलियाई हैं। जिस तरह से वह मैच में उतरते हैं जिस तरह से वह चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष टीम पर हावी होने की कोशिश करते हैं, वो कमाल है। वह शायद भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 टेस्ट मैचों में 54.08 की औसत से 1252 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक शामिल हैं। स्मिथ ने कहा कि उनकी कोहली के संग कोई पर्सनल राइवलरी नहीं है और वह हमेशा ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि, इसमें कोई सच्चाई नहीं कि मुझे उन्हें पछाड़ना है या ऐसा कुछ भी करना है।

# नेशंस लीग : एमबापे के बिना भी जीता फ्रांस, बेल्जियम को 2-0 से हराया



जिनेवा - स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियों रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किए। फ्रांस अपने पिछले मैच में शुक्रवार को इटली से 3-1 से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इज़राइल को 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्लोवेनिया के स्टार बेंजामिन सेस्को ने कजाकिस्तान पर 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई।

# साइबर सुरक्षा के लिए अमित शाह का बड़ा एलान

## 5 हजार साइबर कमांडो होंगे तैयार



**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2024।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं होती,इसलिए सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म यूजर्स को मिलकर इस चुनौती का सामना करना होगा। यह बयान उन्होंने मंगलवार को IyC (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर) के स्थापना दिवस के अवसर पर दिया। शाह ने जोर देते हुए कहा कि बिना मजबूत साइबर सुरक्षा के,देश की प्रगति संभव नहीं है।

5,000 साइबर कमांडो की तैयारी

अमित शाह ने घोषणा की कि सरकार अगले पांच वर्षों में 5,000 साइबर कमांडो तैयार करने की योजना बना रही है। ये कमांडो भारत में बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित होंगे। शाह ने डिजिटल सेक्टर में सिक्योरिटी की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान में भारत में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं, जिससे साइबर सिक्योरिटी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

### साइबर स्पेस की सुरक्षा एक प्राथमिकता

अमित शाह ने कहा कि साइबर स्पेस को सुरक्षित बनाना बेहद आवश्यक है क्योंकि डिजिटल लेनदेन का एक बड़ा हिस्सा भारत में होता है। उन्होंने कहा कि देश की तेज़ प्रगति के लिए साइबर सुरक्षा की अनदेखी नहीं की जा सकती। जब तक साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी, तब तक प्रगति बाधित हो सकती है।

### IyC के तहत चार नए प्लेटफार्मों की शुरुआत

इस अवसर पर, अमित शाह ने ढ्ढ4ष्ट के तहत चार नए प्लेटफार्मों का उद्घाटन किया, जो देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए बनाए गए हैं। ढ्ढ4ष्ट, जिसे 2018 में गृह मंत्रालय के तहत स्थापित किया गया था, राष्ट्रीय स्तर पर साइबर अपराधों से निपटने के लिए एक कोऑर्डिनेशन सेंटर के रूप में काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य लॉ इंफोर्समेंट एजेंसियों की क्षमताओं को बढ़ाना और साइबर अपराधों से जुड़े मामलों का समाधान करना है।

### सभी एजेंसियों की संयुक्त जिम्मेदारी

अमित शाह ने कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं होती, इसलिए सभी एजेंसियों और संगठनों को एक साथ मिलकर काम करना होगा। साइबर सिक्योरिटी न केवल सुरक्षा का मुद्दा है, बल्कि यह देश के आर्थिक विकास और अखंडता के लिए भी आवश्यक है। इससे पहले सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर भी साइबर सिक्योरिटी को लेकर चिंता व्यक्त कर चुके हैं।

# कैंसर की दवाओं और नमकीन पर टैक्स हुआ कम

» वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक

» जीएसटी काउंसिल ने विदेशी एयरलाइनों द्वारा सेवाओं के आयात को जीएसटी से किया मुक्त




**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2024।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 54 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5त्न कर दी गई, जिससे इलाज की लागत कम होगी। नमकीन और कुछ स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत की गई है। वहीं, कार सीट्स पर टैक्स बढ़ाकर 28 प्रतिशत कर दिया गया है। स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने के लिए एक गोम का गठन किया गया है। बता दें कि धार्मिक पर्यटन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा (Helicopter Services) लेने पर 18 फीसदी की बजाय केवल 5 फीसदी जीएसटी चुकाना होगा।

### बीमा पर अक्टूबर के बाद फैसला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 54 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक के दौरान,बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी दर की समीक्षा के लिए एक मंत्रियों के समूह (GoM) के गठन की घोषणा की गई। वित्त मंत्री ने कहा, हमने उन्हें अक्टूबर के अंत तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, और नवंबर में जीएसटी काउंसिल उनकी सिफारिशों के आधार पर अंतिम निर्णय लेगी।

### ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी से भरी फायदा

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी की घोषणा के बाद, राजस्व में 412त्न की बढ़ोतरी हुई है, जो फिटमेंट कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट में सामने आया।

### GST काउंसिल के प्रमुख निर्णय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी,जिस पर आगे भविष्य में फैसला लिया जा सकता है। बैठक में जो भी फैसले लिए गए उसके बारें आप यहां विस्तार से देख सकते है।

### स्वास्थ्य बीमा पर गोम का गठन

जीएसटी काउंसिल ने स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा पर जीएसटी दरों की समीक्षा के लिए एक नए मंत्रियों के समूह का गठन किया है। यह समूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा, और काउंसिल नवंबर में इस पर अंतिम निर्णय लेगी।

### कैंसर की दवाओं पर जीएसटी घटा

वित्त मंत्री ने बताया कि कैंसर के इलाज की लागत को कम करने के उद्देश्य से कैंसर की दवाओं पर जीएसटी 12त्न से घटाकर 5प्रतिशत कर दी गई है।

### नमकीन हुई सस्ती

नमकीन और अन्य कुछ स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के मूल्यों में कमी आयेगी।

### विदेशी एयरलाइंस को राहत

जीएसटी काउंसिल ने विदेशी एयरलाइनों द्वारा सेवाओं के आयात को जीएसटी से मुक्त कर दिया है, जिससे उन कंपनियों को विशेष राहत मिलेगी।

### सेस पर गोम का गठन

जीएसटी काउंसिल की बैठक में सेस संग्रह पर भी चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि मार्च 2026 तक कुल सेस संग्रह ₹8.66 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ऋण भुगतान के बाद, लगभग ₹40,000 करोड़ का अधिशेष बचने का अनुमान है।

### BWC जीएसटी इनवॉइसिंग

1 अक्टूबर से बिजनेस-टू-कस्टमर (BWC) जीएसटी इनवॉइसिंग प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे कराधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार आएगा।

### धार्मिक पर्यटन हुआ सस्ता

जीएसटी काउंसिल (GST Council) ने धार्मिक यात्रा करने वाले लोगों के लिए भी राहत दी है, बता दें कि धार्मिक पर्यटन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा (Helicopter Services) लेने पर 18 फीसदी की बजाय केवल 5 फीसदी जीएसटी चुकाना होगा। ऐसे में धार्मिक पर्यटन अब पहले से सस्ता होगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शेयरिंग हेलीकॉप्टर सेवा पर 5त्न और चार्टर्ड सर्विस पर 18त्न जीएसटी देना होगा।

### कार सीट्स पर जीएसटी दर में वृद्धि

कार सीट्स पर जीएसटी दर को 18प्रतिशत से बढ़ाकर 28प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे इन वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो सकती है।

### रिसर्च ग्रांट पर जीएसटी का मसला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 54वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में शैक्षणिक संस्थाओं को रिसर्च के लिए मिलने वाले अनुदान पर जीएसटी का मसला फिलहाल फिटमेंट कमेटी को भेज दिया गया है। कमेटी रिपोर्ट के बाद जीएसटी काउंसिल इस पर फैसला लेगी।

# मणिपुर में हालात फिर बिगड़े,तीन जिलो मे कर्फ्यू

### इंटरनेट सेवाएं 5 दिन के लिए बंद



**मणिपुर, 10 सितम्बर 2024।** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है, जिससे राज्य के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। राजधानी इम्फाल में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए, इम्फाल पश्चिम और इम्फाल पूर्व के जिला मजिस्ट्रेटों ने मंगलवार, 10 सितंबर को सुबह 11:00 बजे से दोनों जिलों में कर्फ्यू लगा दिया है।

गृह विभाग की सूचना के बाद, राज्यभर में चल रहे छात्र आंदोलन के बीच, पूरे मणिपुर में पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

### कर्फ्यू में बदलाव,सुबह 5 से रात 10 बजे तक रियायतें हटाई गईं

सोमवार को जारी किए गए दो अलग-अलग आदेशों में, इम्फाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेटों ने सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक दी गई कर्फ्यू में छूट को रद्द कर दिया है। अब, अगली सूचना तक दोनों जिलों में पूर्ण कर्फ्यू लागू रहेगा।

### जरूरी सेवाओं पर भी लगी रोक

आदेश में बताया गया है कि स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग, नगर निगम के अधिकारियों, बिजली (एमएसपीसीएल/एमएसपीडीसीएल), पेट्रोल पंप,अदालतों के कामकाज,उड़ान यात्रियों की आवाजाही और मीडिया जैसी आवश्यक सेवाओं पर भी सख्त पाबंदियां लगाई गई हैं।

### हिंसा के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

बढ़ती हिंसा के खिलाफ,सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय और इंफाल स्थित राजभवन के सामने सैकड़ों छात्रों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को भी ये छात्र महिलाओं के बाजार इमा मार्केट (जिसे नुपी के नाम से भी जाना जाता है) में इकट्ठे हुए।

### बाजार की पहली मंजिल पर बंद हुए छात्र

पुलिस छात्रों को घर लौटने के लिए समझा रही है,लेकिन छात्र खुद को इमा मार्केट की पहली मंजिल पर बंद कर चुके थे, जो कर्फ्यू के चलते मंगलवार को भी बंद था।

# सीताराम येचुरी की हालत गंभीर

### IIMS में रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर इलाज जारी



**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2024।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रेस्पिरेटरी सपोर्ट पर रखा गया है। 19 अगस्त को सीने में संक्रमण के बाद उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था, और स्थिति बिगड़ने पर उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया। पार्टी के अनुसार, डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखे हुए है और हर संभव उपचार किया जा रहा है।

### लेफ्ट के प्रमुख नेता हैं सीताराम येचुरी

सीताराम येचुरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव हैं और लेफ्ट के प्रमुख नेताओं में से एक हैं। 1992 से सीपीआई (एम) के पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। इससे पहले, वे 2005 से 2017 तक पश्चिम बंगाल से राज्यसभा के सदस्य रहे। येचुरी ने 1974 में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) से राजनीतिक जीवन की शुरुआत की और जल्द ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) में शामिल हो गए। शिक्षा के क्षेत्र में भी येचुरी का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने प्रेसिडेंट्स एस्टेट स्कूल,नई दिल्ली से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद, उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली से अर्थशास्त्र में बी.ए. (ऑनर्स) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से एम.ए. किया, दोनों में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए।

# ISRO चीफ की चेतावनी, 2029 में आ सकती है भारी तबाही

**नई दिल्ली, 10 सितम्बर 2024।** पृथ्वी के करीब एक बड़े एस्टेरॉयड, 'एपोफिस', के आ जाने की संभावना जताई जा रही है। यह एस्टेरॉयड, जिसका नाम मिस्र के अराजकता के देवता के नाम पर रखा गया है, तेजी से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। इसरो के प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि 13 अप्रैल, 2029 को इस एस्टेरॉयड की पृथ्वी से टकराने की संभावना है। डॉ. सोमनाथ ने चेताया कि यदि एपोफिस पृथ्वी से टकराता है, तो इससे मानवता को गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है और हमारा नेटवर्क फॉर स्पेस ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग एंड एनालिसिस एपोफिस की बारीकी से निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी एक ही पृथ्वी है, और हम इसे बचाने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेंगे।



एपोफिस की खोज 2004 में की गई थी और तब से इसकी पृथ्वी के करीब आने की घटनाओं की निगरानी की जा रही है। अगली बार यह एस्टेरॉयड 2029 में पृथ्वी के करीब आएगा, और फिर 2036 में इसकी अगली मुठभेड़ होगी। हालांकि, कुछ अध्ययनों के अनुसार, 2029 में यह पृथ्वी से टकराए बिना निकल जाएगा। इस एस्टेरॉयड की सबसे नजदीकी दूरी पृथ्वी से 32,000 किलोमीटर है, जो अब तक किसी भी एस्टेरॉयड द्वारा हमारे ग्रह के इतने करीब पहुंचने का रिकॉर्ड है। एपोफिस का अनुमानित व्यास लगभग 340 से 450 मीटर है, और यह भारत के सबसे बड़े विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम से भी बड़ा है। 140 मीटर व्यास से बड़ा कोई भी एस्टेरॉयड, जो पृथ्वी के पास से गुजरता है, संभावित रूप से खतरनाक माना जाता है।

# रायपुर में महिला कांग्रेस ने किया सीएम हाउस का घेराव



**रायपुर, 10 सितम्बर 2024।** राजधानी रायपुर में महिला सुरक्षा को लेकर महिला कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेत्रियों को बैरिकेड्स लगाकर रोका। इस पर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर धक्कामुक्की और झूमाझटकी देखने को मिली।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलो देवी नेताम सहित बड़ी संख्या में महिलाये मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकलीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करते रहे।

इस प्रदर्शन से पहले पुराने कांग्रेस भवन के सामने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एकत्र हुई। कई कार्यकर्ता दुष्कर्म पीड़िता बनकर पहुंची थीं। इसके बाद राजीव चौक से सीएम हाउस की तरफ बढीं, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। अगली कड़ी में कांग्रेस 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता कर सरकार की कमियों को जनता से गिनायेगी। इसी तरह 12 सिंतबर को फिर इसी मुद्दे को लेकर जिला मुख्यालयों में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस संगठन में जोरों पर तैयारी चल रही है।

# युवा रोजगार के लिए संकल्पित हमारी सरकारः विष्णुदेव साय



**रायपुर, 10 सितम्बर 2024।** प्रदेश में लगभग एक दशक बाद नगर सैनिकों के पदों पर भर्ती की कार्यवाही शुरू होने जा रही है। जिसमें बिलासपुर राजस्व संभाग के जिलों के लिए 465 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अंतर्गत 200 पुरुष और 265 महिला नगर सैनिकों की भर्ती होगी। आगामी 16 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भर्ती की कार्यवाही संपन्न करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिया हैं।

# वन रक्षक भर्ती को लेकर सामने आई बड़ी खबर

## पात्र उम्मीदवारों की सूची वन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर है उपलब्ध



**रायपुर, 10 सितम्बर 2024।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर अब राज्य में वन विभाग ने खेल कोटे के तहत 41 वन रक्षक पदों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। यह भर्ती प्रक्रिया 23 सितंबर 2024 तक चलेगी। इस भर्ती प्रक्रिया में हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, शूटिंग, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी, फुटबॉल, भारोत्तोलन, कबड्डी और एथलेटिक्स जैसे खेलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वीकृत पदों का वितरण इस प्रकार है- हॉकी के लिए 3, क्रिकेट और बैडमिंटन के लिए 2-2, शूटिंग के लिए 1, वॉलीबॉल के लिए 7, बास्केटबॉल के लिए 4, तैराकी के लिए 1, फुटबॉल के लिए 3, भारोत्तोलन के लिए 5, कबड्डी के लिए 6 और एथलेटिक्स के चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए पात्र उम्मीदवारों की सूची वन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में वन रक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया रायपुर के प्रमुख खेल स्थलों और मैदानों में आयोजित की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण वन विभाग के अधिकारियों की समिति, विभाग के नोडल अधिकारियों और संबंधित खेल संघों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन उनके स्टैमिना और खेल कौशल के आधार पर किया जाएगा, जिससे केवल सर्वश्रेष्ठ और शारीरिक रूप से सक्षम उम्मीदवारों को ही इन पदों के लिए चुना जा सके। यह भर्ती न केवल खेलों को प्रोत्साहित करता है, बल्कि खिलाड़ियों को पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने का अवसर भी प्रदान करता है।

# रायपुर पहुंचे ओपी चौधरी,दिया ये बयान



**रायपुर, 10 सितम्बर 2024।** जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कैंसर दवाओं पर टैक्स घटाया गया है, जिससे इलाज सस्ता होगा। वैष्णो देवी यात्रा के लिए सेवा कर में राहत दी गई है। इसके अलावा,रिसर्च ग्रांट को जीएसटी से मुक्त करने का बड़ा निर्णय लिया गया है।

नई दिल्ली में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने नीति आयोग के साथ गहन चर्चा हुई। बस्तर व प्रदेश के अन्य इलाकों में आम लोगों की राय लेने के बाद कृषि, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर नीति आयोग से विचार विमर्श किया गया, ताकि विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप तैयार किया जा सके।

# राधिका खेड़ा ने दीपक बैज को भेजा नोटिस



**रायपुर, 10 सितम्बर 2024।** बीजेपी नेत्री राधिका खेड़ा ने अध्यक्ष दीपक बैज को नोटिस भेजा है। इसके अलावा उन्होंने महिला कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत को भी नोटिस दिया है। राधिका खेड़ा ने कांग्रेस को अपरिपक्व बताया है। और पीसीसी अध्यक्ष बैज को पूर्व सीएम बघेल की कठपुतली करार दिया है। दरअसल, कांग्रेस ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माण पर राधिका खेड़ा को बिल भुगतान का आरोप लगाया था। इस बात पर राधिका खेड़ा ने नोटिस में कांग्रेस के अनर्गल बयानों का प्रूफ मांगा है और कांग्रेस को 48 घंटों का अल्टिमेटम दिया है। राधिका खेड़ा ने कहा कि अगर कोई काम या मां के कंपनी का कोई काम का वर्क ऑर्डर और पेमेंट का ऑर्डर है तब उसे लेकर आएं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)